

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 30 नवंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष -41 ■ अंक-241 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 1 दिसंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## संक्षेप

### बीच-बचाव करने पहुंचे युवक की चाकू मारकर हत्या, 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर,30 दिसंबर।** बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम बरतोरी में चुलमाटी कार्यक्रम के दौरान मामूली विवाद ने जानलेवा रूप ले लिया। दूल्हे के घर में 28 नवंबर की शाम डीजे पर नाचते समय दो युवकों का हाथ टकराना इतना बढ़ गया कि मारपीट और फिर चाकूबाजी तक की नौबत आ गई। बीच-बचाव करने पहुंचे युवक बड़कू उर्फ रामभजन यादव (चाचा) पर गुस्साए लड़कों ने चाकू से तीन वार कर दिए, जिससे उनकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, दूल्हे के दोस्त कुश यादव और संदीप निषाद के बीच हाथ टकराने पर विवाद हुआ। संदीप ने पहले कुश को गाली देकर थप्पड़ मारा, फिर उसके साथियों ने मिलकर उसे घेर लिया। मारपीट देखते हुए कुश के चाचा बड़कू मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। इसी दौरान एक युवक ने चाकू से लगातार तीन वार किए, जिसमें बड़कू के सीने, माथे और आंख के नीचे गंभीर चोटें आईं। उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और शनिवार देर रात तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिनमें 2 बालिग और 4 नाबालिग हैं। मृतक के भतीजे कुश यादव की शिकायत पर सभी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

### दिल्ली में तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने 3 पैदल यात्रियों को कुचला, एक की मौत

**नईदिल्ली,30 नवंबर ।** दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में देर रात एक दुर्घटना में एक राहगीर की मौत हो गई और 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची दिल्ली पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि शव को मुर्दाघर में रखवा दिया। पुलिस कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त कार को जब्त कर लिया और आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी चालक का मेडिकल कराकर उसके नशे में होने का पता लगा रही है। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात वसंत कुंज इलाके में स्थित एम्बिएंस मॉल के सामने हिमाचल प्रदेश में पंजीकृत मर्सिडीज जी -वैगन कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और फुटपाथ पर चल रहे 3 लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पीड़ित कई मीटर दूर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उत्तराखंड के चमोली निवासी रोहित कुमार (23) को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंचने के बाद मर्सिडीज जी - वैगन कार क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी थी और तीनों घायल सड़क पर पड़े थे। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने बताया कि तीनों घायल एम्बिएंस मॉल के अंदर एक रेस्टोरेंट के कर्मचारी थे। उसके बाद पुलिस ने कार के पंजीयन नंबर के आधार पर करोल बाग निवासी कार मालिक शिवम (29) को गिरफ्तार कर लिया। वह एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहा था।

### बलौदाबाजार-भाटापारा में 26 हजार 400 पीएम आवास निर्माण स्वीकृत

**रायपुर, 30 नवम्बर** प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों को पक्का मकान प्रदान करने का क्रांतिकारी कदम है जो ना केवल आवास की कमी को दूर करती है बल्कि ग्रामीण जीवन को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाती है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासों को शीघ्र प्रारंभ कराने एवं समय-सीमा में पूर्ण कराने कलेक्टर बलौदाबाजार के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में सभी ग्राम पंचायतो में आवास चौपाल का आयोजन कराया जा रहा है।

# चुनाव आयोग ने बढ़ाया एसआईआर का समय

## अब यह प्रक्रिया 11 दिसंबर तक चलेगी

**नई दिल्ली,30 दिसंबर।** भारत निर्वाचन आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे विशेष सघन पुनरीक्षण (SIR) अभियान की समय सीमा को 7 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। अब यह प्रक्रिया 11 दिसंबर तक चलेगी। आपको बता दें कि एसआईआर के दूसरे चरण में अंडमान और निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट को सुधारा जा रहा है।



चुनाव आयोग ने 11 दिसंबर 2025 तक समय सीमा बढ़ाया है। पोलिंग स्टेशनों को ठीक करना और फिर से व्यवस्थित करना सुनिश्चित करने को कहा है। कंट्रोल टेबल का अपडेट और ड्राफ्ट रोल तैयार करना की समय सीमा अब 12–15 दिसंबर तक होगी। ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल का पब्लिकेशन 16 दिसंबर को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां फाइल करने का समय 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक तय किया गया है। एसआईआर चुनाव आयोग की लगातार कोशिशों का हिस्सा है ताकि यह पक्का किया जा सके कि वोटर रोल सही, अप-टू-डेट और सबको शामिल करने वाले हों, खासकर जरूरी विधानसभा चुनावों से पहले इसे सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है। उनमें पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश शामिल है। चुनाव आयोग के द्वारा दी गई मोहलत के साथ ही मतदाताओं को अपनी डिटेल्स वेरिफाई करने, ऑब्जेक्शन फाइल करने या वोटर लिस्ट में जरूरी सुधार करने के लिए और समय मिल गया है। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया है कि प्रभावित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निवासियों को भविष्य के चुनावों में वोट देने का मौका गंवाने से बचने के लिए बढ़े हुए शेड्यूल का फायदा उठाना चाहिए।

# नई एफआईआर में सोनिया-राहुल गांधी पर आपराधिक साजिश का आरोप

**नई दिल्ली,30 दिसंबर।** नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। रविवार को दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने इन दोनों सीनियर नेताओं के खिलाफ एक नई प्राथमिकी दर्ज की है। इस एफआईआर में उन पर मामले में आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

इस नई एफआईआर में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के अलावा चार और लोगों, सैम पित्रोदा, सुमन दुबे, सुनील भंडारी और एक अज्ञात व्यक्ति का नाम हैं। इसके अलावा, तीन कंपनियों एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड , यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड को भी आरोपी बनाया गया है। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि आपराधिक साजिश के तहत नेशनल हेराल्ड अखबार की पेरेंट कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड पर धोखे से कब्जा किया गया। यंग इंडियन एक नॉट-फॉर-प्रॉफिट कंपनी थी, जिसमें गांधी परिवार की 76% हिस्सेदारी थी। एफआईआर के अनुसार, डोटेक्स मर्चेंडाइज (कोलकाता की



एक कथित शेल कंपनी) ने यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपये दिए। आरोप है कि इस लेनदेन का इस्तेमाल करते हुए यंग इंडियन ने कांग्रेस पार्टी को 50 लाख रुपये दिए और AJL पर कंट्रोल हासिल कर लिया। AJL के पास उस समय लगभग 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति थी। यह एफआईआर प्रवर्तन निदेशालय की एक शिकायत पर आधारित है, जिसने अपनी जांच रिपोर्ट दिल्ली पुलिस के साथ साझा की थी। यह मामला 2012 का है, जब बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने कोर्ट में कांग्रेस नेताओं के खिलाफ धोखाधड़ी और भरोसा तोड़ने का आरोप लगाते हुए केस दायर किया था। नेशनल हेराल्ड अखबार की शुरुआत 1938 में जवाहरलाल नेहरू और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने की थी। AJL, जो नेशनल हेराल्ड को प्रकाशित करती थी, 2008 में पैसे की तंगी के चलते बंद हो गई। कंपनी पर 90 करोड़ रुपये का कर्ज था। इस कर्ज को चुकाने में मदद के लिए, कांग्रेस पार्टी ने AJL को 90 करोड़ रुपये का लोन दिया। कांग्रेस के मुताबिक, जब AJL लोन नहीं चुका पाई, तो इसे इक्विटी शेयर में बदल दिया गया। चूंकि कोई राजनीतिक पार्टी इक्विटी शेयर नहीं रख सकती, इसलिए इन शेयरों को यंग इंडियन को दे दिया गया, जो 2010 में बनी थी। इस तरह, यंग इंडियन

# नामिनी सिर्फ राशि का अभिरक्षक होता है, मालिक नहीं : हाईकोर्ट

**हिंदू सक्सेशन एक्ट के तहत पति पक्ष के वारिसों को पहला अधिकार होता है**

**रायपुर/ बिलासपुर,30 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने साफ कहा है कि, बैंक में नामांकन से उत्तराधिकार का अधिकार नहीं मिलता, नामिनी सिर्फ राशि का अभिरक्षक होता है, मालिक नहीं. इसके साथ ही 15 लाख की रकम पर चल रहे ससुर-दामाद के विवाद का अंत हो गया है. बैंक ऑफ इंडिया, मुंगेली शाखा में स्वास्थ्य कार्यकर्ता रंजनादेवी प्रधान का 15 लाख रुपए जमा था. उनकी मौत के बाद रकम पर दामाद राहुल ध्रुव और ससुर लल्लाराम दोनों ने दावा किया. ट्रायल कोर्ट ने नामांकन देखकर राशि दामाद को देने का आदेश दिया था, लेकिन अपील में जिला न्यायालय ने फैसला पलटते हुए कहा कि, हिंदू सक्सेशन एक्ट के तहत पति पक्ष के वारिसों को पहला अधिकार होता है, और लल्लाराम ससुर होने के नाते निकट संबंधी हैं. हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि, नामांकन से व्यक्ति का सि फ 'कस्टोडियन' का दर्जा बनता है, इससे उत्तराधिकार का अधिकार नहीं मिलता. यह कानून बार-बार स्पष्ट किया जा चुका है. इसके साथ ही जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद ने अपीलीय अदालत का आदेश सही मानते हुए पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया, इसके साथ ही 15 लाख की राशि पर लल्लाराम का अधिकार पक्का हो गया है.

# डिजिटल अरेस्ट: रिटायर्ड नर्स से 80 लाख की ठगी

**राजनांदगांव,30 नवंबर।** राजनांदगांव जिले में डिजिटल अरेस्ट का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। साइबर अपराधियों ने एक अमेरिकी रिटर्न रिटायर्ड नर्स को वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर 80 लाख रुपए की ठगी कर ली। कोतवाली थाना क्षेत्र की सनसिटी निवासी पीड़िता ने जब मामले की शिकायत की, तो पूरा घटनाक्रम सामने आया। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में नर्स रह चुकी महिला रिटायरमेंट के बाद राजनांदगांव में रहने लगी थीं। साइबर अपराधियों ने उन्हें फोन कर डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाया और कहा कि उनका नाम एक गंभीर केस में शामिल हो गया है। इसके बाद अपराधियों ने वीडियो कॉल के जरिए उन्हें फर्जी कोर्टरूम, जज और पुलिस अफसरों का सेटअप दिखाया। डर और तनाव में आ चुकी पीड़िता अपराधियों की बातों में आ गईं। अपराधियों ने दावा किया कि वह यदि पैसा ट्रांसफर कर दें, तो उन्हें 30% अतिरिक्त रकम के साथ पैसा वापस कर दिया जाएगा। इसी झांसे में पीड़िता ने लगभग 80 लाख रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए। राशि भेजने के बाद जब किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई, तब महिला को एहसास हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो चुकी हैं। इसके बाद उन्होंने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की और तकनीकी विश्लेषण के बाद राजस्थान से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।




गिरफ्तार आरोपी की पहचान 40 वर्षीय राधेश्याम के रूप में हुई है। एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा ने बताया कि आरोपी और उसके साथी हरियाणा के विभिन्न बैंकों से चेक और एटीएम के माध्यम से ठगे गए पैसे निकालते थे। फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है और जांच में कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं।

# उत्तर भारत में अगले सप्ताह से पड़ेगी कड़ाके के ठंड

**नईदिल्ली,30 नवंबर ।** पहाड़ी इलाकों की बर्फबारी के कारण आ रही सर्द हवाओं से उत्तर भारत में सर्दी ने जोर पकड़ा हुआ है। कई इलाकों में कोहरा देखा जा रहा है। दूसरी तरफ श्रीलंका में तबाही मचाने के बाद चक्रवात दित्वाह का खतरा अब दक्षिण भारतीय राज्यों पर मंडरा रहा है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, रविवार को चक्रवात तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों से टकराएगा। इसके चलते कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवात दित्वाह के असर से तमिलनाडु और पुडुचेरी में तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया है, जिससे कई इलाकों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। समुद्र में उठ रही ऊंची लहरों को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। इसके असर से तमिलनाडु में शनिवार को 54 उड़ानें रद्द कर दी गईं और पुडुचेरी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने छुट्टी घोषित कर सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी।

हिमाचल प्रदेश में बिलासपुर-मंडी में घने कोहरे की चेतावनी दी है। यहां मनाली में रविवार सुबह तापमान लगभग माइनस 10 डिग्री दर्ज किया गया। निचले इलाकों में तापमान 4-8 डिग्री के बीच बना रहेगा। जम्मू में सुबह का तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं श्रीनगर में शनिवार रात पारा लगभग माइनस 1 डिग्री पर पहुंच गया। 2 दिसम्बर को श्रीनगर में बर्फ गिरने की चेतावनी दी गई है। उत्तराखंड में भी सुबह का तापमान 3-7 डिग्री के आसपास रहा।

# चीन-बांग्लादेश की चाल पर भारत का माकूल जवाब

## 3 नए मिलिट्री बेस के साथ सिलीगुड़ी कॉरिडोर की घेराबंदी

नई दिल्ली,30 दिसंबर। केंद्र सरकार सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे 'चिकन नेक' भी कहा जाता है, पर तीन नए मिलिट्री बेस बनाने पर काम कर रही है। यह कॉरिडोर भारत के नॉर्थ-ईस्ट राज्यों को बाकी देश से जोड़ने वाली लगभग 22 किलोमीटर चौड़ी एक पतली पट्टी है। यह बड़ा फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब चीन, बांग्लादेश के साथ मिलकर, इस संवेदनशील क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ा रहा है। भारत का यह कदम स्ट्रेटेजिक पोजीशन में एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। भारत अपनी पूर्वी सीमा को मजबूत करने के लिए इन तीन नए सैन्य ठिकानों लचित बोरफुकन मिलिट्री स्टेशन (धुबरी, असम के पास), फॉरवर्ड बेस (किशनगंज, बिहार) और फॉरवर्ड बेस (चोपड़ा, पश्चिम बंगाल) का निर्माण कर रहा है। ये बेस सिर्फ रक्षा के लिए नहीं हैं। ये रैपिड डिप्लॉयमेंट फोर्स, इंटेलिजेंस यूनिट और पैरा स्पेशल फोर्स से लैस होंगे। इनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इस जरूरी कॉरिडोर की सुरक्षा से कभी कोई समझौता न हो। चोपड़ा में बन रहा इंस्टॉलेशन बांग्लादेश की सीमा से 1 किलोमीटर से भी कम दूरी पर है। इससे बॉर्डर पार निगरानी और जरूरत पड़ने पर सेना की तेज मोबिलाइजेशन आसान हो जाएगी।

भारत का यह बड़ा मिलिट्री बिल्डअप बांग्लादेश में हाल ही में हुए राजनीतिक बदलावों की प्रतिक्रिया में आया है। शेख हसीना की भारत समर्थक सरकार को मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाले अंतरिम प्रशासन ने हटा दिया है। नई सरकार की विदेश नीति तेजी से चीन और पाकिस्तान की ओर झुक रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बांग्लादेश 2.2 बिलियन डॉलर के चीनी J-10C फाइटर जेट खरीदने की योजना बना रहा है और ड्रोन बनाने के लिए बीजिंग के साथ सहयोग कर रहा है। पाकिस्तान ने भी JF-17 ब्लॉक C थंडर जेट्स ऑफर किए हैं। भारत के लिए, एक संवेदनशील सीमा पर बांग्लादेश का अपने प्रतिद्वंद्वियों की ओर झुकना एक बड़ा रणनीतिक खतरा है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर नॉर्थ-ईस्ट के 45 मिलियन से ज्यादा लोगों को मुख्य भूमि से जोड़ता है, इसमें कोई भी रुकावट देश के लिए बड़ी समस्या खड़ी कर सकती है। नए मिलिट्री बेस के अलावा, भारत ने इस क्षेत्र में अपनी ताकत बढ़ाने के लिए राफेल फाइटर जेट्स, ब्रह्मोस मिसाइलें और एडवांस्ड एयर डिफेंस सिस्टम भी तैनात किए हैं। यह संकेत देता है कि भारत अब सिर्फ प्रतिक्रिया देने वाली रक्षा से हटकर सक्रिय प्रभुत्व (प्रोएक्टिव डॉमिनेंस) की ओर बढ़ रहा है।

# चक्रवात दित्वाह से तमिलनाडु में 3 की मौत

**नईदिल्ली,30 नवंबर।** चक्रवात दित्वाह आज तमिलनाडु और पुडुचेरी से टकरा सकता है। तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। तूफान से जुड़ी बारिश की घटनाओं में तमिलनाडु में 3 लोगों की मौत हो गई। तूतीकोरिन और तंजावुर में दीवार गिरने से 2 लोग मारे गए हैं, जबकि मयिलादुथुराई में करंट लगने से एक मौत हुई है। तमिलनाडु में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) समेत 28 से ज्यादा टीमों को तैनात किया गया है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, 29 नवंबर की रात 11:30 बजे तक तूफान 10.7 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 80.6 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। यह वेदारण्यम से लगभग 90 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व, कराईकल से 90 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व, जाफना से 130 किलोमीटर उत्तर-उत्तर-पूर्व, पुडुचेरी से 160 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व और चेन्नई से लगभग 260 किलोमीटर दक्षिण में स्थित था। आईएमडी का अनुमान है कि यह तूफान अगले 24 घंटों में उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी तटरेखा के समानांतर रहेगा।

तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण शनिवार को 54 उड़ानें रद्द की गईं। इंडिगो ने जाफना, तूतीकोरिन और तिरुचिरापल्ली की उड़ानें रद्द की हैं। पुडुचेरी विश्वविद्यालय ने छुट्टी घोषित कर दी है और सभी परीक्षाएं भी स्थगित की गई हैं। पुडुचेरी, कराईकल, माहे और यनम में सोमवार तक स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। तमिलनाडु में एनडीआरएफ की 14 और पुडुचेरी में 2 टीम तैनात की गई हैं। तमिलनाडु में कई ट्रेनों का समय बदला गया है।

तेज बारिश के बाद तमिलनाडु के थूथुकुडी में कई जगहों पर पानी भर गया है। नागपट्टिनम के अरुलमिगु वेदारण्येश्वर स्वामी मंदिर के गर्भगृह में भी जलभराव हो गया है। मंदिर के पुजारी त्यागराजन ने कहा, पिछले 3दिनों से हो रही भारी बारिश की वजह से मंदिर के अंदर पानी जमा हो गया। वेदारण्यम में लगातार भारी बारिश से कई इलाके जलमग्न हो गए हैं और नमक उत्पादन ठप हो गया है। 9,000 एकड़ नमक क्षेत्र प्रभावित हुआ है।

श्रीलंका में दित्वाह के कारण बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आकर 150 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। 100 से ज्यादा अभी भी लापता हैं। कोलंबो हवाई अड्डे पर 300 भारतीय यात्री 3 दिन से फंसे हुए हैं। दूतावास ने उन्हें खाने-पीने की सामग्री उपलब्ध कराई है। श्रीलंका की मदद के लिए भारत ने ऑपरेशन सागर बंधु शुरू किया है और 27 टन राहत सामग्री वहां पहुंचाई है।

तमिलनाडु के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री के रामचंद्रन ने कहा कि सरकार युद्ध स्तर पर बचाव एवं राहत उपाय करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ सहित लगभग 28 आपदा प्रतिक्रिया दल तैयार हैं। हम अन्य राज्यों से 10 अतिरिक्त दल हवाई मार्ग से लाने की योजना बना रहे हैं। वायुसेना और तटरक्षक बल को सतर्क कर दिया गया है। राज्य में बारिश से 16 मवेशी मारे जाने और 24 झोपडिय़ां क्षतिग्रस्त होने की खबर है।

# कक्षा 8 के छात्र ने तीसरी मंजिल से लगाई छलांग, हालत गंभीर

**रतलाम,30 नवंबर ।** मध्य प्रदेश के रतलाम में एक 13 वर्षीय राष्ट्रीय स्तर के स्केटिंग खिलाड़ी ने अपने स्कूल की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी, क्योंकि उसके प्रिंसिपल ने उसे करियर खत्म करने, निलंबित करने और पदक छीनने की धमकी दी थी। यह घटना शुक्रवार को डोंगरे नगर स्थित एक निजी स्कूल में हुई और इसने संस्थान के अंदर अनुशासन को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। छात्र का अस्पताल में उपचार जारी है और उसकी हालत स्थिर है।

अधिकारियों के अनुसार, गुरुवार को छात्र नियमों के विरुद्ध अपना मोबाइल फोन स्कूल में ले आया और कक्षा के अंदर वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। मामला सामने आने पर स्कूल प्रशासन ने छात्र के माता-पिता को चर्चा करने के लिए स्कूल बुलाया। स्कूल के सीसीटीवी की फुटेज में छात्र प्रिंसिपल कार्यालय में जाता हुआ जाता नजर आता है। वह लगभग 4 मिनट तक वहां रहता है और करीब 52 बार 'सॉरी' बोलता है।

पुलिस ने बताया कि छात्र ने अपने माता-पिता और अधिकारियों को बताया कि प्रिंसिपल ने कथित तौर पर उसे करियर खत्म करने, स्कूल से निलंबित करने और स्केटिंग के पदक वापस लेने की धमकी दी थी। इससे वह डर गया रोने लग गया। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, छात्र प्रिंसिपल कार्यालय से निकलने के बाद गलियारे से नीचे की ओर दौड़ता दिखता है और फिर तीसरी मंजिल से रेलिंग के ऊपर से कूदते हुए नजर आता है।

# शहद व अनाज उत्पादन में भारत ने बनाए नए रिकॉर्ड : पीएम मोदी

**नई दिल्ली,30 नवंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अनेक क्षेत्रों में नई ऊँचाइयों को छू रहा है। पीएम ने यह भी बताया कि भारत ने 357 मिलियन टन अनाज उत्पादन के साथ इतिहास रच दिया है, जो 10 साल पहले की तुलना में 100 मिलियन टन अधिक है।उन्होंने विशेष रूप से शहद उत्पादन में भारत की ऐतिहासिक प्रगति का उल्लेख किया, जिसे उन्होंने "ग्रामीण समृद्धि का नया आधार" बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में बीते वर्षों में मधुमक्खी-पालन को लेकर अभूतपूर्व जागरूकता बढ़ी है। 11 साल पहले भारत में शहद उत्पादन 76,000 मीट्रिक टन था।अब यह बढ़कर 1.5 लाख मीट्रिक टन से भी अधिक हो गया है।

उन्होंने बताया कि 'हनी मिशन प्रोग्राम' के तहत खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने ग्रामीणों, महिलाओं और छोटे किसानों को सशक्त बनाने के लिए 2.25 लाख से अधिक बी-बॉक्स वितरित किए हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि "हनी मिशन गांवों में आय बढ़ाने का मजबूत माध्यम बन



रहा है। इससे हजारों परिवारों की आर्थिक स्थिति बदली है।" पीएम ने कहा कि भारत के युवा आज गांव-कस्बों से भी ऐसे नवाचार कर रहे हैं जिन्हें दुनिया सराह रही है। स्टार्टअप इकोसिस्टम नए रोजगार और नई आशाएं पैदा कर रहा है।उन्होंने स्टार्टअप, पर्यावरण और 'वोकल फॉर लोकल' पर भी देशवासियों को प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की अपील की और कहा कि "छोटे-छोटे प्रयास भी पृथ्वी को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।"

**"वोकल फॉर लोकल' की फिर अपील**-त्योहारों और वर्षांत के खरीदारी सीजन का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि स्थानीय उत्पाद खरीदकर हम देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बना सकते हैं।

**खेलों में उपलब्धियां और सामाजिक अभियान**- उन्होंने खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन और देशभर में चल रहे स्वच्छता, रक्तदान, वृक्षारोपण जैसे अभियानों की सराहना की।

**प्रेरक संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन**- प्रधानमंत्री ने कहा—"भारत की शक्ति उसका नागरिक है। यदि हम मिलकर प्रयास करें, तो देश हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।"कार्यक्रम के अंत में पीएम ने कहा कि "भारत की प्रगति में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।"

## एक नजर

### चोरी के मामले में 3 गिरफ्तार



**भिलाई, 30 नवंबर (तछसं.)।** अमलेश्वर थाना क्षेत्र के महादेव घाट में एक सूने मकान में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलास कर दिया पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों अमित सोनकर, दीक्षांत मांझी उर्फ मोनू और राहुल सोनकर को गिरफ्तार किया है उनसे करीब 80 हजार रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि अपने घर में ताला लगाकर बाहर गए हुए थे। सागर अक्सर रात में अपने भाई के घर जाकर सोते थे, लेकिन दो-तीन दिनों से नहीं गए थे इसी बीच अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर रखे जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया चोरी की जांच के दौरान पुलिस की नजर तीन संदिग्ध युवकों पर पड़ी पूछताछ में तीनों ने वारदात को स्वीकार कर लिया और बताया कि चोरी किए गए जेवरात उन्होंने अमलेश्वर स्थित एक ज्वेलरी शॉप में बेच दिए थे। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने दुकान से आभूषण जब्त किए पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पुलिस ने 500 लोगों की जांच की



**भिलाई, 30 नवंबर (तछसं.)।** भिलाई आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए शानिवार तड़के पुलिस ने आउटर और स्लम इलाकों में सघन जांच अभियान चलाया अचानक हुई कार्रवाई से चाकूबाजों और बदमाशों में हड़कंप मच गया अलग-अलग टीमों ने मिलकर 500 से अधिक लोगों की जांच की और संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट भी लिए गए पुलिस प्रवक्ता एएसपी प?द्मश्री तंवर ने बताया कि अभियान का नेतृत्व राजपत्रित अधिकारियों ने किया, जबकि थाना प्रभारी और भारी पुलिस बल ने मैदानी स्तर पर कार्रवाई को अंजाम दिया छावनी बस्ती और रायपुर से लगे आउटर स्लम इलाकों में सुबह चार से आठ बजे तक दबिश दी गई इसके अलावा 28 नवंबर की रात 10 से 12 बजे तक बस स्टैंड क्षेत्र में भी औचक जांच हुई पुलिस टीम का मुख्य फोकस चाकूबाजी में संलिप्त बदमाशों, मादक पदार्थ रखने वालों और संदिग्ध गतिविधियों पर रहा। सशक्त ऐप से वाहनों की चेकिंग, रेलवे स्टेशन और बस अड्डे में बीडीएस टीम की सहायता से यात्रियों की पहचान की तस्दीक की गई बदमाशों को दी गई सख्त हिदायत पुलिस प्रवक्ता एएसपी ने बताया कि अभियान के दौरान पकड़े गए बदमाशों को सामाजिक जीवन अपनाने और अपराध से दूर रहने की सख्त समझाइश दी गई उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी जिससे अपराधियों में कानून का भय और आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हो सके।

### सुजल की जमानत याचिका खारिज

**दुर्ग, 30 नवंबर (तछसं.)।** दुर्ग उतई थाना क्षेत्र के ग्राम उमरपोटी के भाठापारा क्षेत्र में 15 सितंबर को नशीला दवा के साथ पकड़े गए सुजल पिता सतीश सिंह (20 साल) स्टेशन मरोदा की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। उसे पुलिस ने एक अन्य आरोपी नवीन चाणक्य के साथ गिरफ्तार किया था। जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाशीध पीएस मरकाम के कोर्ट से यह यह आदेश जारी हुआ उतई पुलिल ने कोर्ट से बताया कि आरोपी नवीन के पास से करीब 120 नग नशीली दवा जब्त की गई है। मामले में सुजल सहआरोपी है, उसे जमानत दिया जाना उचित नहीं होगा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

### 3 फरार नाबालिग पकड़े गए



**तिल्दा-नेवरा, 30 नवंबर।** दुर्ग स्थित बाल संप्रेषण गृह से फरार हुए नाबालिग अपचारियों को पकड़ने में तिल्दा-नेवरा पुलिस के उप निरीक्षक विकास देशमुख ने एक बार फिर अपनी सतर्कता, नेतृत्व क्षमता और मुस्तैदी का परिचय दिया है। विभिन्न गंभीर मामलों में बंद तीन नाबालिग अपचारी, जो ट्रेन से छपोरा भागने की कोशिश कर रहे थे, उन्हें उप निरीक्षक विकास देशमुख के नेतृत्व में सुरक्षित गिरफ्तार कर लिया गया। 29 नवंबर 2025 को थाना तिल्दा-नेवरा को जैसे ही सूचना मिली कि दुर्ग बाल संप्रेषण गृह से फरार अपचारी ट्रेन से भाग रहे हैं, उप निरीक्षक विकास देशमुख ने बिना देर किए टीम गठित कर स्वयं मोर्चा संभाला और संदिग्ध मार्गों पर घेराबंदी के निर्देश दिए। उनकी रणनीतिक सूझबूझ से अपचारी भागने में सफल नहीं हो सकेटीम ने मौके पर पहुंचकर तीनों नाबालिगों को सुरक्षित हिरासत में लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें दुर्ग पुलिस के हवाले कर दियाइस सफल कार्रवाई में उप निरीक्षक विकास देशमुख के साथआरक्षक विजेंद्र निराला, बलराम निराला, आलोक शर्मा, दीपक सेन, कुलदीपक वर्मा, संदीप सिंह, जितेंद्र सोनी व फागूराम मनहरे की सराहनीय भूमिका रही।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उप निरीक्षक विकास देशमुख की तत्परता के चलते एक संभावित बड़ी घटना टल गई। पुलिस की कार्रवाई से आमजन में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत हुआ है।

# कलेक्टर ने गांवों में एसआईआर का किया निरीक्षण और बीएलओ को समय पर पूरा करने के दिए निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,30 नवंबर।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की मैदानी समीक्षा की। उन्होंने धरमपुरा, बोड़ला और राम्हेपुर में बीएलओ टीमों से मुलाकात कर प्रगणन फॉर्म कलेक्शन, घर-घर सत्यापन और डिजिटाइजेशन की प्रगति की गहन जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम श्री चेतन साहू, सीईओ आकाश सिंह ठाकुर सागर सिंह, खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम, भोरमदेव शक्कर कारखाना के एमडी जी एस मिश्रा, तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी, राजश्री पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, प्रत्येक बीएलओ पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी और समयबद्धता के साथ इसे पूर्ण करें। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि निर्धारित क्षेत्रों में व्यवस्थित कार्य विभाजन करें और फील्ड में जाकर घर-घर फॉर्म भराएं। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के अनुसार सुबह या शाम संपर्क करें, ताकि फॉर्म आसानी से मिलें और बीएलओ को बार-बार जाने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने दो दिवस में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि सुबह-शाम के समय अधिकांश लोग घरों पर मिलते हैं, जिससे फॉर्म कलेक्शन की रफ्तार स्वतः बढ़ेगी। उन्होंने सभी बीएलओ को समय सीमा के भीतर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। ग्राम स्तर पर निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कई टीमों से प्रत्यक्ष रूप से बातचीत कर उनकी समस्याएँ भी जानीं और तत्काल समाधान के सुझाव दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि एसआईआर कार्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने का महत्वपूर्ण चरण है, इसे पूरी निष्ठा से पूरा करें।





# एसआईआर फार्म जमा करने पहुंच रहे मतदाता

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,30 नवंबर ।** बूथ क्रमांक 229 में 1141 मतदाताओं में 1000 फार्म वितरण हुआ है और 670 फार्म जमा हो चुके है । ब्लह श्रीमती सुलोचनी ठाकुर ने उक्त जानकारी दी । मॉडल आंगनबाड़ी में एस आई आर फार्म जमा करने वालो ने बीएलओ से जानकारी भी ली की फार्म कैसे भरा जाय और बीएलओ ने जानकारी भी फार्म भरने वालो को दी । पूर्व सांसद प्रतिनिधि रेखा साहू और पूर्व पार्षद हामिद सिद्दकी भी एस आई आर फॉर्म की जानकारी भी लेते दिखे की जिससे की सभी एस आई आर फार्म जमा कर सके । जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में बीएलओ सुलोचनी ठाकुर एस आई आर फार्म भरवाने में अच्छी सहायता कर रही है । पूर्व सांसद प्रतिनिधि हरीश साहू ने बताया की घर घर जाकर जागरूक किया जा रहा है ।

# मन चंगा तो कठौती में गंगा काव्य संग्रह का विमोचन



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 30 नवंबर।** छत्तीसगढ़ मेहर समाज के गौरव डॉक्टर बलराम मिर्झा द्वारा रचित व लिखित गुरु रविदास जी के बारे में मन चंगा तो कठौती में गंगा लिखा गया है जिसका छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रकाशित करके आज राजेश अग्रवाल संस्कृति मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य अतिथि में यह लिखित काव्य का विमोचन संस्कृति विभाग के सभा स्थल में किया गया इनमें मुख्य रूप से पुरंदर मिश्रा विधायक अनुज शर्मा विधायक डॉ रो

हित यादव सचिव छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग उपस्थित में हुआ इस पुस्तक के लेखन में हमारे दुर्ग जिला के सांसद विजय बघेल भाजपा के प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा नवभारत के वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र शर्मा के साथ-साथ मेहर समाज के हर प्रसाद आडिल का भी योगदान विशेष रूप से रहा इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के छत्तीसगढ़ी भाषा के कवि साहित्यकार लेखक ग्रंथ का इत्यादि उपस्थित थे इस पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में राम ब्रिज लहरी साजा संतु राम लहरी सुमित लहरे दुर्गा प्रसाद शिवारे मोहन लहरी रंजन मिर्जा संतुलहरी युवराज लहरी दुकलहा दांडेकर मंगलू राम लहरी भकाडू राम कन्हैया रात्रे मोतीराम डाण्डे भागीरथी कौशिक सुनीता कौशिक शीतल कर्मकार बलदाऊ शिवारे साधराम लहरे सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल पाकर दसरू खुश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 30 नवंबर।** दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाने और उन्हें दैनिक जीवन में सहजता प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विधायक कार्यालय में दो हितग्राहियों को सहायक उपकरणों का वितरण किया। जिसमें उन्होंने ग्राम पंचायत लब्दा के ग्राम जोकपानी निवासी श्री दसरू सिंह मरकाम को मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल प्रदान किया।

मोटरचालित इस ट्रायसाइकिल से अब दसरू आवागमन एवं अन्य दैनिक कार्य आसानी से कर पाएंगे। उन्होंने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनके जीवन में नई आशा और आत्मनिर्भरता का संबल बनेगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम झुरगी दादर के निवासी विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा से आने वाले श्री संतु बैगा को एक जोड़ी बैसाखी प्रदान की गई। बैसाखी मिलने से श्री संतु बैगा ने खुशी जताते हुए कहा कि अब वे दैनिक गतिविधियों में आसानी से बिना किसी के सहारे के स्वतंत्र रूप से कर सकेंगे।इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी दिव्यांगजन सुविधा के अभाव में पीछे न रहे। सहायक उपकरण वितरण जैसी पहलें न केवल राहत देती हैं बल्कि लाभार्थियों में आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। उन्होंने प्रशासनिक टीम को निर्देशित किया कि ऐसे पात्र लोगों को चिन्हित कर निरंतर सहयोग उपलब्ध कराया जाए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# मटंग में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 20 दिसंबर से



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 30 नवंबर।** पाटन ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम मटंग में निर्मलकर परिवार के द्वारा आयोजित 20 से 28 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक पंडित श्री परमानंद जी पंचकोशी धाम नव चेतना केंद्र फिगेंश्वर राजिम होगें । श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन स्वर्गीय श्री रघुनंदन निर्मलकर एवं स्वर्गीय श्री बल्दू राम निर्मलकर के पुण्यतिथि में आयोजित किया जा रहा है। 20 दिसंबर को कलश यात्रा के साथ बेदी पूजन, गौकर्ण कथा के साथ कथा प्रारंभ होगी निरंतर 9 दिन तक बांके बिहारी भगवान श्री कृष्ण के लीलाओं का वर्णन कथा वाचक के मुखारविंद से होगी 28 दिसंबर को हवन पूजा के साथ महाप्रसादी कर कथा पर विराम लगेगी।

# आईआईटी भिलाई और नगर पालिक निगम भिलाई के बीच हुआ महत्वपूर्ण समझौता

**भिलाई नगर।** नगर पालिक निगम भिलाई और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) भिलाई ने एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का प्राथमिक उद्देश्य भिलाई शहर में संपत्ति कर प्रणाली को अधिक कुशल, पारदर्शी और सटीक बनाना है।

इस MO के तहत आईआईटी भिलाई द्वारा नगर पालिक निगम भिलाई के लिए शहर की मकानों, जमीनों, एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का एक व्यापक ड्रोन सर्वेक्षण किया जा रहा है।इस अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर शहर की सभी संपत्तियों का सटीक मानचित्रण किया जाएगा, जिससे उनके वास्तविक क्षेत्रफल और उपयोग का पता लगाया जा सके।इससे निगम क्षेत्र के भीतर सभी नई और बिना रिकॉर्ड वाली संपत्तियों की पहचान कर पाएंगे। संपत्ति के आकार और प्रकार के आधार पर सम्पत्ति कर के निर्धारण को अधिक पारदर्शी और सटीक बनाया जाएगा।शहर के संपत्ति रिकॉर्ड का एक उच्च-रिज़ॉल्यूशन, डिजिटल और अद्यतन डेटाबेस तैयार होगा।एकत्र किए गए डेटा का उपयोग भविष्य के शहरी नियोजन और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए किया जाएगा।इस अवसर पर, नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने कहा कि ÷आईआईटी भिलाई जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के साथ यह सहयोग भिलाई को स्मार्ट सिटी की दिशा में एक कदम आगे ले जाएगा। ड्रोन तकनीक से कर वसूली की प्रक्रिया में अभूतपूर्व पारदर्शिता और दक्षता आएगी। आईआईटी भिलाई के निदेशक ने इस साझेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईटी भिलाई शहर के विकास में अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और शोध क्षमताओं का योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह परियोजना सरकारी प्रशासन में तकनीकी हस्तक्षेप का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।नगर पालिक निगम भिलाई आम जनता से अपील करता है कि वे सर्वेक्षण कार्य में लगी आईआईटी भिलाई की टीम का सहयोग करें और उन्हें अपनी संपत्ति के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करें।

# गुटखा खाकर फेंके गए पाउच से सड़कों पर होती है गंदगी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 30 नवंबर।** कबीरधाम जिले में कई गांवों और शहरों में गुटखा खाकर सड़क पर कही भी थूक फेक देते है ओर खाली पाउच फेक देते है जिसके कारण सड़को में भारी गंदगी दिख रही है । कही कही मैदानों या तालाब किनारे या नई बनती सड़क पर शराब प्रेमी पानी पाउच फेक देते है ओर स्वच्छता भी बर्बाद होती है और पर्यावरण भी प्रदूषित होती है । जहां जहां शराब दुकान होती है उसके बगल वाली खाली खेत में हजारी पानी पाउच ,डिस्पोजल , चखना फेंके हुए दिखते जिससे स्वच्छता बर्बाद होती है । जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन को स्वच्छता पर ध्यान देने की अत्यंत आवश्यकता है ।

### राकेश ठाकुर के फिर अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**उतई,30 नवंबर।** राकेश ठाकुर को पुनः दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बनने पर दुर्ग ग्रामीण सहित अंचल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में बड़ी खुशी की लहर चल रही है बधाई देने वालो में प्रहलाद वर्मा दुवारिक साहू, राकेश साहू ,बहादुर नेताम पालेश्वर ठाकुर लोचन यादव तोरण ठाकुर धनंजय नेताम ने बहुत-बहुत बधाई प्रेषित के उनके उज्ज्वल भाविष्य की कामना की है।



# मानसी काव्य संग्रह विमोचन के बाद कवि सम्मेलन व गीत गायन का आयोजन



**भिलाई, 30 नवंबर।** नारायण साहित्य शाला भारत ट्रस्ट द्वारका नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित है। जिसके संपादक श्री रामजस जी त्रिपाठी हैंए कृतकार डॉ.बुद्धसेन शर्मा जी सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी हैं चित्रगुप्त साहित्य समिति भिलाई दुर्ग द्वारा दिनांक 23.11.2025 को सफ्लतापूर्वक संपन्न किया गया। विमोचन पश्चात कवि.सम्मेलन और गीत गायन का आयोजन भी प्रशंसनीय रहा। समस्त श्रंखलाबद्ध कार्यक्रम जलाराम मंदिर वैशाली नगरए भिलाई के सभागार में हर्षोउल्लास के वातावरण में संपन्न हुए।

शिक्षाविद् भाषाविद, प्रखर वक्ता एवं महाविद्यालय पूर्व प्राचार्य डा. महेशचंद्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं नरेन्द्र सिक्केवाल पुलिस अधीक्षक सीआईडी रायपुर की अध्यक्षताए श्री मोहनलाल चतुर्वेदी भागवताचार्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार .गुरुर एवं डाक्टर बलदाऊ राम साहू वरिष्ठ साहित्यकार के विशिष्ट आतिथ्य में और अनेकों साहित्यकारों की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। श्री वीरेन्द्र कुमार तिवारी ष्वीरूष् अर्जुनी.राजनांदगांव ने अपने रोचक एवं प्रभावी संचालन से कार्यक्रम को और सरस बनाया।कवियत्री सोनिया सोनी, श्रीमति संध्या जैन ओमवीर कर्ण, डॉण्यशवंत सूर्यवंशी, बैकुंठ महानंद जी ने मधुर काव्य पाठ कर तालियां बटोरी। प्रारम्भ में ही डॉण् मुकेश भटनागर एवम् यश दलवी जी द्वारा माता सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई जो काबिले तारीफ थी। अतिथियों द्वारा अपने .अपने विचार व्यक्त किए गए। पुस्तक के संबंध में डॉ. बुद्धसेन शर्मा द्वारा प्रकाश डाला गया। बुद्धसेन शर्मा जी का पूरा परिवार उपस्थित रहा।संगीत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री जगदीश देवांगनए श्री संतोष शुक्लाए श्री संतोष पांडेए श्री प्रवीण देवघरेए श्री प्रमोद शर्मा शामिल हुए। आभार प्रदर्शन ओमवीर कर्ण द्वारा किया गया।

समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉण् मुकेश भटनागर सेवानिवृत्त बैंक वरिष्ठ प्रबंधक, डा. बुद्धसेन शर्मा समिति सचिव अनिल पाण्डेय समिति कोषाध्यक्ष, प्रशांत श्रीवास्तव समिति प्रबंधक के अथक प्रयासों से आयोजन सफ्ल रहा उन्होंने आगत सभी कविएसाहित्यकारों और गायकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किये।

### सम्मान



**भिलाई।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 10 वीं बार मुख्यमंत्री बनने पर अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष एवं जदयू के वरिष्ठ नेता हरेन्द्र दूबे ने उनके पटना 1 अड़े मार्ग आवास पर जाकर बधाई दी ।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दूबे का शाल भेंट कर सम्मान किया। दोनों नेताओं में बिहार की अंदरूनी राजनीति को लेकर लंबी चर्चा भी हुई।

### कर्मियों को सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए

**दुर्ग, 30 नवंबर (तछसं.)।** दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा जिले में चोरी, लूट, डकैती जैसे अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाने के लिए जिले के सभी बड़े बैंकों के एटीएम में पैसा डालने वाली एजेंसी, चेस्ट वाहनों एवं आबकारी से संबंधित कर्मचारियों की बैठक पुलिस नियंत्रण कक्ष भिलाई में आयोजित की गई बैठक के दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल ने समस्त एटीएम में पैसा डालने वाली एजेंसी के उपस्थित कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए उन्होंने कहा कि ऐसे एजेंसी में कार्यरत सभी कर्मचारियों को पुलिस वेरीफिकेशन कराना अनिवार्य है ।

# एटीएम लूटने की कोशिश,अज्ञात लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 30 नवंबर।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के ननकट्ठी गांव में चोरी की मेटाडोर का उपयोग कर बदमाशों ने एटीएम बूथ पर लगे सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे मारकर एटीएम को उखाड़कर लूटने की कोशिश करने वाले मामले में पुलिस 40 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले के बाद खुलासा हुआ कि यह एमपी का गैंग था और एसयूवी में आए थे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस हुलिए के आधार पर उनकी तलाश शुरु कर दी है गौरतलब हो कि 13 नवंबर देर रात दो से ढाई बजे के बीच ननकठी में हिताची कंपनी के एटीएम को उखाड़कर ले जाने टाटा कंपनी की मेटाडोर वाहन सीजी 07 एवी 1310 लेकर पहुंचे थे। हिताची कंपनी के एटीएम को उखाड़ने के बाद बदमाशों ने उसे मेटाडोर वाहन में लोड कर दिया था, लेकिन तभी आवाज सुनकर एटीएम बूथ के बगल में रहने वाले परिवार के लोगों की नींद खुल गई कुछ गलत होने की आशंका से घर वाले बाहर निकले तो उनको देखकर बदमाश मेटाडोर वाहन छोड़कर भागने लगे। घर वालों ने कुछ दूर तक उनका पीछा किया, लेकिन 7 से 8 की संख्या में संभावित बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर गायब हो गए नंदिनी पुलिस ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है घटनास्थल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो पता चला कि एसयूवी में बदमाश आए थे और वह एमपी का गिरोह है इसके आधार पर जांच जारी है ।

## एक नजर

### निरीक्षण के दौरान स्कूल में अनुपस्थित 4 शिक्षकों का वेतन काटने के निर्देश

**डोंगरगढ़ 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुंदगांव के शास.पू.मा.शा में विकासखंड ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ के द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान 04 शिक्षकों को शाला से नदारत पाए जाने पर एक दिन का वेतन काटे जाने की कार्यवाही का मामला सामने आया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा द्वारा कार्यालय डोंगरगढ़ द्वारा प्रेस नोट जारी कर बताया गया कि 18 नवम्बर 2025 को मेरे द्वारा शास. प्राथ/ पूर्व माध्य.शाला मुंदगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान निम्न शिक्षक लीलेश कुमार पैकरा सहायक शिक्षक एल.बी., श्रीमती रिचा टांक प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मुंदगांव एवं श्रीमती हेमलता सिन्हा प्रधान पाठक, श्रीमती सरिता साहू शिक्षक एल.बी. शास.पू.मा.शा. मुंदगांव अनुपस्थित पाये गये। अतः जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार संबधित सभी शिक्षकों का 01 दिवस वेतन काटाने की कार्यवाही की गई। आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

### चोरी के फरार आरोपी जय वर्मा को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी रजनीश केसरवानी निवासी बलौदाबाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह राजा सोना चांदी ज्वेलर्स दुकान का संचालक है। कि घटना दिनांक 16.11.2025 की दरम्यानी रात को अज्ञात आरोपी द्वारा उसकी दुकान के चैनल गेट में लगे ताला को तोड़कर, शटर उठाकर दुकान में रखे सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम ?10,000 कुल कीमती ?3,50,000 को चोरी कर लिया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध 1133/2025 धारा 351(4),305 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा एक आरोपी धनेश निषाद को गिरफ्तार कर ?1,00,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी का जेवर बरामद किया गया था, किंतु प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी अभी भी फरार थे, जिनकी सरगर्मी से पता तलाश की जा रही थी। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल की संयुक्त पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त फरार अन्य आरोपियों का लगातार पता तलाश किया जा रहा था। इसी बीच पुलिस टीम द्वारा आरोपी जय वर्मा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ज्वेलर्स दुकान में चोरी करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी से ?44,000 कीमत मूल्य का चांदी का जेवर बरामद किया गया है। अभी तक की कार्रवाई में पुलिस टीम को 02 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए, कुल ?1,44,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी का जेवर बरामद करने में सफलता मिली है।

### छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट एसोसिएशन के सदस्यों ने नई गाइडलाइन के संबंध में मुख्यमंत्री से की मुलाक़ात

**रायपुर 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में जारी नई गाइडलाइन तथा 1400 मीटर के उपबंध के मुद्दे पर माननीय मुख्यमंत्री जी से मुलाकात की। बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने संबंधित चुनौतियों और नई गाइडलाइन के प्रभावों से मुख्यमंत्री को विस्तार से अवगत कराया। माननीय मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उल्लेखित विषयों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा तथा समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में महेंद्र आहूजा, दीपक रहेजा, संतोष बानिक, डॉ. अशोक खेमका, तेज प्रकाश अग्रवाल, हेमंत सेलवानी, संजय निहलानी, विनोद धमेचा , गुरबख्श छाबड़ा, रजत छाबड़ा, प्रतीक अग्रवाल, विजय गजवानी, योगेश चैनानी और रत्नेश अग्रवाल शामिल थे।

# अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण संघ डोंगरगढ़ की टीम हुई शामिल

- छत्तीसगढ़ से प्रज्ञा बौद्ध ने बौद्ध अभिलेखों में शासन व्यवस्था एवं प्रशासन विषय पर प्रस्तुत किया शोधपत्र

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 30 नवंबर।** महिला सशक्तिकरण संघ द्वारा तक्षक भवन, नागपुर में आयोजित सातवें अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन गरिमामयी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों सहित कई देशों से आए विद्वानों, शोधकर्ताओं, भंतेगण एवं प्रतिनिधियों सहित छत्तीसगढ़ सहित डोंगरगढ़ महिला सशक्तिकरण संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपनी सहभागिता। सम्मेलन का मुख्य विषय बौद्ध पुरालेख एवं इतिहास रहा, जिस पर विभिन्न शोध निबंध प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला सशक्तिकरण संघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भदन्त डॉ. चंद्रकीर्ति एवं आकाश लामा द्वारा तथागत भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात संविधान निर्माता परम पूज्य डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। भंतेजी द्वारा उपस्थित जनों को संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कर शपथ दिलाई गई। महिला सशक्तिकरण संघ टीम नागपुर ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया तथा पौधे भेंट कर उनका स्वागत किया। छत्तीसगढ़ से प्रदेश अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध अपनी टीम के साथ सम्मेलन में शामिल हुईं। उन्होंने बौद्ध अभिलेखों में शासन व्यवस्था एवं प्रशासन विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्हें ग्लोबल टीचर अवार्ड 2025, ग्लोबल रिसर्च अवार्ड 2025 तथा ग्लोबल धम्म सेवा अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि यह वार्षिक आयोजन महिला सशक्तिकरण संघ की स्थापना दिवस एवं संविधान दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। वर्ष 2025 के इस सम्मेलन में देश-विदेश के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में महिला सशक्तिकरण संघ डोंगरगढ़ की टीम से नलिनी मेश्राम, राधिका जंघेल, अरुणा गजभिये, नीता कोटांगले, सारिका बडोले, बुद्धमित्रा वासनिक, अनुपमा, रत्ना मेश्राम, नीता रामटेक, चंद्रशिला बामेश्वर, ज्योत्सना मेश्राम, विद्या सहारे, संगीता बोरकर, रेखा निकोसे आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### अब तक 730 युवाओं ने सीखी डिजिटल बैंकिंग, सुरक्षित लेनदेन और साइबर सुरक्षा वित्तीय साक्षरता

# फाइनेंस लैब लोगों को जानकारी दे रहा है कि सुरक्षित लेन-देन कैसे करें

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 नवंबर।** वर्तमान समय में साइबर धोखाधड़ी और वित्तीय ठगी की घटनाएँ तेजी से बढ़ रही हैं। आम नागरिकों को इन खतरों से बचाने और उन्हें वित्तीय रूप से जागरूक बनाने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाना अत्यंत आवश्यक हो गया है।इसी दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में कलेक्टर दीपक सोनी की पहल पर जिला-स्तरीय ÷अर्थशाला÷ (फाइनेंस लैब)। यह फाइनेंस लैब आम नागरिकों को साइबर खतरों से बचाव,आधुनिक वित्तीय प्रणाली, सुरक्षित लेनदेन के तरीके, डिजिटल बैंकिंग के उपयोग से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। जिला फाइनेंस लैब पण्डित चक्रपाणि शुक्ल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में 2 नवम्बर नवम्बर 2025 से संचालित है।

एक महीने से भी कम समय में लगभग 730 युवा इस फाइनेंस लैब से जुड़ चुके हैं जो इसकी सफलता को परिलक्षित करता है। इस लैब के माध्यम से वित्तीय अवधारणाओं को समझने और सुरक्षित एवं जिम्मेदार वित्तीय व्यवहार विकसित करने के प्रति युवाओं में रुचि बढ़ी है।




फाइनेंस लैब की मुख्य उद्देश्य-फाइनेंस लैब का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को व्यावहारिक वित्तीय शिक्षा से जोड़ना है। आज के समय में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है – वित्तीय साक्षरता और व्यावहारिक समझ भी उतनी ही आवश्यक है। इसी सोच के साथ फाइनेंस लैब को इस प्रकार तैयार किया गया है कि छात्र, युवा और जिले के नागरिक खेलों, गतिविधियों और नवाचार आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से वित्तीय अवधारणाओं को आसानी से सीख सकें। फाइनेंस लैब की अवधरणा- यह एक ऐसा समर्पित स्थान या प्लेटफॉर्म है जो छात्रों, निवेशकों या आम जनता को वास्तविक जीवन के वित्तीय परिदृश्यों और उपकरणों के साथ अभ्यास करने का अवसर देता है।यह बजट बनाने, बचत करने, बीमा लेने और निवेश करने के बारे में सूचित और विचारशील निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ावा देता है।?वित्तीय धोखाधड़ी की पहचान और आर्थिक नियोजन जैसे जीवन-भर काम आने वाले कौशल सीख सकते हैं।फाइनेंस लैब में बिजनेस और स्टार्ट अप में रुचि लेने वाले विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए लक्ष्य क़क्ष, आकांक्षा क़क्ष ,उड़ान क़क्ष इत्यादि निर्मित है जहाँ हर ज़रूरी पहलू पर युवाओं का मार्गदर्शन किया जाएगा।यहाँ ग्रुप एक्टिविटीज के माध्यम से ऑक्शन प्रक्रिया की भी जानकारी मिलेगी। ग्रामीण अंचल के युवाओं को वित्तीय साक्षरता प्रदान करने के लिए काफ़ी फायदेमंद है । फाइनेंस लैब के लाभ-नागरिक सही वित्तीय और डिजिटल लेनदेन के तरीके सीख सकेंगे।साइबर फ्रॉड, फ़िशिंग, एटीएम स्कैम और फर्जी निवेश जैसे जाल से बचाव में मदद मिलेगी। लोग सही निवेश और वित्तीय प्रबंधन सीख सकेंगे।वित्तीय साक्षरता से ग्रामीण और शहरी दोनों समुदायों को मजबूती मिलेगी।युवाओं को नई तकनीक एवं सुरक्षित वित्तीय सेवाओं से जुड़ने के अवसर मिलेंगे।बलौदाबाजार की यह पहल पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बनेगी।

## समाचार संक्षेप

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के सुपुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में हुए शामिल



**बलौदाबाजार, 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय शनिवार को भाटापारा के पूर्व विधायक श्री शिवरतन शर्मा के सुपुत्र चि.डॉ. अभिनव के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने विकासखंड सिमगा के नारायणी फार्म एंड रिजॉर्ट में आयोजित आशीर्वाद समारोह में पूर्व विधायक श्री शर्मा के परिवारजनों से भेंट कर वर-वधु चि डॉ अभिनव एवं सौ. कां डॉ रोजालिन को आशीर्वाद एवं सुखद दाम्पत्य जीवन की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, दुर्ग सांसद विजय बघेल,विधायक किरण सिंह देव, विधायक अजय चंद्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री का हेलीपेड पर आत्मीय स्वागत

**बलौदाबाजार, 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज हेलीकॉप्टर से विकासखंड सिमगा के ग्राम चंदेरी पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव भी थे। मुख्यमंत्री श्री साय का हेलीपेड आगमन पर कलेक्टर दीपक सोनी ने अगवानी की। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय चंदेरी के नारयणी रिजॉर्ट में आयोजित भाटापारा के पूर्व विधायक श्री शिवरतन शर्मा के सुपुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए।

### राजस्व मंत्री ने टुंडरा में नवीन तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण एवं स्कूल भवन का किया शिलान्यास



**तिल्दा नेवरा 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के ग्राम टुंड्रा में आयोजित कार्यक्रम में ?1 करोड़ 21 लाख की लागत से बनने वाले हायर सेकंडरी स्कूल भवन का भूमिपूजन तथा नवनिर्मित तहसील कार्यालय का लोकार्पण कर देवतुल्य जनता को समर्पित किया। नई तहसील कार्यालय और नए स्कूल भवन की स्थापना से क्षेत्र के विकास को नई गति और नई दिशा मिलेगी। जहाँ नया स्कूल भवन बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और उज्ज्वल भविष्य प्रदान करेगा, वहीं नई तहसील कार्यालय से राजस्व संबंधी सभी प्रक्रियाएँ अधिक सुगम, सरल और पारदर्शी होंगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े , पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े सहित गणमान्य नागरिक वृन्द और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### सीईओ ग्राम तिलईवार एवं टप्पा में आयोजित स्वच्छता त्यौहार कार्यक्रम में हुए शामिल

**राजनांदगांव 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तिलईवार एवं टप्पा में आयोजित स्वच्छता त्यौहार कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्वच्छता से संबंधित नारे लगाकर ग्रामीणों को प्लास्टिक प्रबंधन हेतु जागरूक किया गया। सीईओ जिला पंचायत ने सुश्री सुरूचि सिंह ने स्वच्छता रैली को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ गांव ही स्वस्थ गांव की आधारशिला है और इसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व, घरेलू कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, यूजर चार्ज तथा ग्रेवेटर (ठोस एवं तरल कचरा) प्रबंधन सहित अन्य विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता रैली को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ गांव ही स्वस्थ गांव की आधारशिला है और इसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। ग्रामीण अपने घर, गली, मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखें और स्वच्छ भारत अभियान को जन आंदोलन बनाएं। सीईओ जिला पंचायत ने स्वच्छता दीदीयों से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सरपंच, सचिव, पंचों को स्वच्छता शुल्क संग्रहण कराने तथा समय पर स्वच्छता दीदीयों के पारिश्रमिक का भुगतान सुनिश्चित करने कहा।

# वाटरशेड महोत्सव में पानी पाठशाला सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 30 नवंबर।** जलग्रहण विकास कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाने हेतु 'वाटरशेड महोत्सव' का आयोजन बुधवार को कसडोल में किया गया।वाटरशेड महोत्सव आयोजन के दौरान माइक्रो वॉटरशेड मटिया में पानी की पाठशाला, संविधान शपथ, प्रभात फेरी, श्रमदान अंतर्गत साफ़ सफ़ाई, लोकार्पण , वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य रामकुमार टंडन, वाटरशेड कमेटी के अध्यक्ष, सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। परियोजना अधिकारी द्वारा जल ग्रहण प्रयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों के द्वारा वाटरशेड महोत्सव तथा जलग्रहण के विकास कार्यों की सराहना करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। बताया गया कि वाटरशेड महोत्सव में उत्कृष्ट रीलप्रतियोगिता में रील श्रेणी के विजेता को 50,000 रुपए तथा फोटोग्राफी श्रेणी के विजेता को 1,000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता 31 दिसंबर 2025 तक आयोजित होगी। प्रतिभागी जल संचयन संरचनाओं, बागवानी, कृषि वानिकी, सहित अन्य वाटरशेड योजनाओं के अंतर्गत निर्मित संरचनाओं एवं उनके लाभों पर आधारित 30–60 सेकंड की रील,वीडियो बना सकते हैं। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी नारद कुमार भारद्वाज, तकनीकी विशेषज्ञ शुभम किंडो , सर्वेयर गेस राम, डब्ल्यूटी शदीपक सिंह चौहान, सालिक राम यादव, सरिता साहू, रिखी राम वर्मा एवं समस्त वाटरशेड समिति सचिव एवं स्व सहायता समूह के. सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल बलौदाबाजार बना देश का दूसरा क्वालिटी सर्टिफाइड लैब

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार30 नवंबर।** बलौदाबाजार भाटापारा जिले ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। जिला अस्पताल बलौदाबाजार की इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (ढ्ढक्करु) को भारत सरकार के नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम (ह्लक्तस्) के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर का गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। बलौदाबाजार की इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब देश एवं राज्य की द्वितीय प्रमाणित लैब बनी है। यह उपलब्धि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और वैज्ञानिक मानकों पर आधारित लैब सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को प्रमाणित करती है। जिले को मिली इस उपलब्धि के लिये जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर दीपक सोनी ने बधाई दी है। बलौदाबाजार की आईपीएचएल का मूल्यांकन 11 सितंबर 2025 को किया गया। टीम ने लैब की कार्यप्रणाली, मरीज केंद्रित सेवाएँ, गुणवत्ता नियंत्रण, समयबद्ध रिपोर्टिंग और सुरक्षा प्रक्रियाओं की गहन समीक्षा की। मूल्यांकन उपरांत बलौदाबाजार आईपीएचएल को 88त्न स्कोर के साथ प्रमाणन प्राप्त हुआ। यह स्कोर स्वास्थ्य गुणवत्ता के राष्ट्रीय मानकों में उत्कृष्ट श्रेणी में आता है।बलौदाबाजार की ढ्ढक्करु भी सेवा गुणवत्ता के मामले में तेजी से उभरती हुई लैब है। यहां प्रतिदिन 1,000 से 1,200 जांचें की जाती हैं और 100 से अधिक प्रकार की लैब टेस्टिंग उपलब्ध है। लैब में अत्याधुनिक उपकरणों, प्रशिक्षित तकनीशियनों और समयबद्ध रिपोर्टिंग की वजह से जिले के हजारों मरीजों को बड़ी राहत मिल रही है।



ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के मरीजों को अब जांच के लिए शहर या निजी लैब्स में जाने की जरूरत नहीं पड़ती। इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की अवधारणा का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को एक ही छत के नीचे पैथोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री और माइक्रोबायोलॉजी से संबंधित सभी प्रकार की जांच सुविधाएं उपलब्ध हों।

### बच्चों को उकसाकर छुरिया बस्ती में चक्काजाम कराने पर सहायक शिक्षक रज्जाक कुरैशी निलंबित

**राजनांदगांव 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल द्वारा बच्चों को उकसाकर छुरिया बस्ती में चक्काजाम कराने के कारण छुरिया विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल कुर्मदा चारभाठा में संलग्न सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला विज्ञान) श्री रज्जाक कुरैशी को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही प्रभारी प्राचार्य श्री योगेश साहू एवं व्याख्याता (वाणिज्य) श्रीमती मनीषा सहारे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला विज्ञान) श्री रज्जाक कुरैशी पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम शाला छुरिया के पदस्थ थे। उनके द्वारा लेखा शास्त्र का अध्यापन कार्य कराया जा रहा था, जबकि संस्था में वाणिज्य के दो शिक्षक पदस्थ है। जनप्रतिनिधियों की शिकायत के आधार पर सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला विज्ञान) श्री रज्जाक कुरैशी का निकटतम शासकीय हाई स्कूल कुर्मदा चारभाठा में संलग्नीकरण किया गया था। श्री रज्जाक कुरैशी द्वारा बच्चों को उकसाकर छुरिया बस्ती में चक्काजाम कराया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल के निर्देश पर प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा चक्काजाम स्थल पर पहुंचकर बच्चों को समझाया गया और वापस शाला भेजा गया। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम शाला छुरिया पहुंचकर अन्य शिक्षकों को आवश्यक समझाइश दी गई।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन

# शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं प्रगति:कलेक्टर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,30 नवंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की तिमाही बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में बैंको के क्रेडिट रेशियो सहित विभिन्न योजनाओं के तहत बैंको में लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सहित शासन की प्राथमिकता वाले योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी से प्रगति लाने के लिये बैंक अपने दावा निपटान प्रक्रिया को सुगम बनाएं। बैंक में आने वाले हितग्राहियों एवं आम जनता के साथ सकारात्मक व्यवहार रखते हुए बैंक की छवि बेहतर बनाएं। वर्तमान में समर्थन मूल्य में धान खरीदी जारी है किसान धान बेचकर अपनी जमा राशि निकासी के लिये बैंक एवं एटीएम जायेंगे, इस दौरान बैंको एवं एटीएम में पर्याप्त करेंसी उपलब्ध हो। बैंको में भीड़ को सुव्यवस्थित करने रणनीति बनाएं। इसीतरह वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा हेतु अलग काउंटर बनाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियो को भी निर्देशित किया कि बैंक सम्बंधित कार्यो के समन्वय के लिये एक कोर्डिनेटर नामित करें। कोआर्डिनेटर बैंक द्वारा आवेदनों के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही या निरस्तीकरण की लिखित जानकारी प्राप्त करें ताकि आवेदनों की कमी को पूरा कर पुनः स्वीकृति हेतु भेजा जा सकें।उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में तहत हितग्राही के बैंक खाता में जमा राशि को बैंको द्वारा ऋण वसूली के लिये काटे जाने की शिकायत पर स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि योजना के तहत जारी राशि को ऋण वसूली के लिए न काटा जाए। आर बी आई के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह ने कहा कि आरबीआई द्वारा अपना पूंजी अपना अधिकार शिविर के माध्यम से जमकर्ताओ के निष्क्रिय खातो में जमा राशि को उनके वैध वारिसानों को भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक अपने ग्राहकों के साथ सतत संपर्क बनाए रखें और खाते को जारी रखने प्रोत्साहित करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, लीड बैंक. मैनेजर प्रतीक आनंद सहित विभागीय अधिकारी एवं विभिन्न बैंको के अधिकारी उपस्थित थे।



## संपादकीय

# संसद में इंडिया गठबंधन को एकजुट दिखाना है

शीतकालीन संसद का सत्र एक दिसंबर से शुरू होना है। इसमें विपक्ष को एकजुट दिखाना कांग्रेस की मजबूरी है, बाकी दलों के लिए विपक्ष की एकजुटता संसद के भीतर दिखाना जरूरी नहीं हैं क्योंकि वह संसद के भीतर खुद कई मुद्दे उठा सकते है,उसके लिए उनको कांग्रेस की जरूरत नहीं है। कांग्रेस के लिए विपक्ष की एकता का दिखावा करना संसद के भीतर इसलिए जरूरी है कि बिहार चुनाव में देश ने देखा है कि महागठबंधन की एकता की बात तो खूब की गई लेकिन जमीन पर एकता का कहीं पता नहीं था। कई सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशी आपस में एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़े और एक दूसरे को हराने का काम भी किया है। इसका परिणाम यह हुआ कि महागठबंधन जो सरकार बनाने जा रहा था, उसको इतिहास की सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ा। चुनाव के बाद दोनों दलों के नेताओं के बयान जो सामने आए और समीक्षा बैठक से भी साफ हो गया कि बिहार में महागठबंधन की एकता दिखावे की थी, इसी वजह से महागठबंधन बुरी तरह हारा है। इससे पहले भी जितने राज्यों में चुनाव हुए वहां भी विपक्षी दलों की एकता न होने के कारण ही कांग्रेस सहित विपक्षी दलों को हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस सहित विपक्षी दल अपनी हार से कोई सबक नहीं लेते हैं, इसलिए वह चुनाव हारते हैं और उसके लिए चुनाव आयोग को दोषी ठहराते हैं. हरियाणा में, दिल्ली में कांग्रेस व आप के बीच एकता नहीं थी। महाराष्ट्र में महाआगाड़ी में भीतरी एकता नहीं थी। यही हाल विपक्ष का बिहार चुनाव में भी रहा। राज्यों में विपक्षी एकता की जिम्मेदारी कांग्रेस व राहुल गांधी की है लेकिन कांग्रेस और राहुल गांधी इसमें बुरी तरह असफल है। वह किसी राज्य में विपक्ष को एकजुट नहीं कर पाते है। क्योंकि वह विपक्षी दलों के वोटों के आधार पर अपने को राज्यों में मजबूत करना चाहते है और विपक्षी दल इसके लिए तैयार नहीं होते हैं क्योंकि वह जानते हैं कि राज्य में कांग्रेस के मजबूत होने का मतलब है कि उनकी स्थिति कमजोर होना। यही वजह है कांग्रेस व राहुल गांधी राज्यों में असफल रहते है लेकिन संसद में वह विपक्षी दलों को एकजुट करके यह दिखाने का प्रयास करते हैं कि राज्यों में न सही संसद में विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व में एकजुट है और सरकार को घेरने में कांग्रेस का साथ देते हैं। इससे विपक्षी दलों को कोई घाटा नहीं होता है लेकिन कांग्रेस को यह फायदा होता है कि देश की जनता के सामने उसे यह साबित करने का मौका मिलता है कि विपक्षी दलों का नेतृत्व कांग्रेस व राहुल गांधी कर रहे हैं। इसका परिणाम यह होता है कि कई विपक्षी दलों के विरोध के बाद भी कांग्रेस संसद में विपक्ष का नेतृत्व करने वाली पार्टी बनी रहती है, राहुल गांधी राष्ट्रीय नेता बने रहते हैं। विपक्ष दल के कई नेता राहुल गांधी को अपना नेता नहीं मानते हैं। उन्होंने कई बार संसद के भीतर राहुल गांधी से अलग मुद्दे उठाकर ऐसा साबित भी किया है। केजरीवाल, ममता बैनर्जी आदि कई नेता हैं जो राहुल गांधी को विपक्ष का नेता नहीं मानते हैं। चुनाव में कांग्रेस के साथ कोई सहयोग नहीं करते हैं लेकिन संसद के भीतर उनको कांग्रेस के साथ खड़े होना पड़ता है। ममता बैनर्जी ने तो बिहार चुनाव में हार के बाद ही यह कह दिया था कि विपक्ष नेतृत्व वह ज्यादा अच्छे से कर सकती हैं। ममता ऐसा कई बार कह चुकी हैं, वैसे भी इंडिया गठबंधन का कोई नेता या संयोजक आज तक चुना नहीं गया है, इस स्थिति का फायदा उठाकर कांग्रेस व कुछ विपक्षी दल राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन का अघोषित नेता बनाए हुए हैं। लंबे समय से इसकी कोई बैठक नहीं हुई है। संसद सत्र के पहले जरूर विपक्षी दलों की बैठक होती है और इसमें कुछ दल एकजुट होते हैं,सभी विपक्षी दल इसमें शामिल नहीं होते हैं फिर भी माना जाता है कि विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व में एकजुट है। देश में मजबूत विपक्ष है। यह संसद में एकजुट विपक्षी दल देश के हित में और तो कुछ नहीं कर पाता है, लेकिन संसद सत्र में हंगामा कर संसद नहीं चलने देता है और इसे अपनी जीत और सरकार की हार प्रचारित करता है। ऐसा हर संसद सत्र में हुआ है इसलिए तय है कि संसद के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस के नेतृत्व में हंगामा करने वाले विभिन्न दलों के नेता कई मुद्दों को लेकर हंगामा ही करेंगे। यह लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव जीतने से ज्यादा आसान होता है,इसलिए विपक्षी दल संसद में सरकार को कमजोर करने व हराने की कोशिश करते हैं लेकिन उनकी पोल हर चुनाव में खुल जाती है।

# तुम्हारा है तो 'परिवारवाद ' हमारा है तो 'गुणवाद'?

राजनीति

निर्मल रानी



बात जब परिवारवाद की आती है तो सबसे पहला निशाना गांधी-नेहरू परिवार पर साधा जाता है। उसके बाद मुलायम सिंह यादव व लालू यादव जैसे नेताओं पर परिवारवादी राजनीति करने का आरोप लगाया जाता है। इन लोगों के 'परिवारवाद ' का विरोध करने वाले विशेषकर भारतीय जनता पार्टी के नेता जनता को यह समझाने की कोशिश करते हैं कि इस परिवार के लोग लोकतंत्र विरोधी हैं और अपने परिवार के लोगों को राजनैतिक विरासत के रूप में जनता पर थोपने की कोशिश करते हैं। जबकि वास्तव में नेहरू घराने से लेकर मुलायम सिंह व यादव,लालू यादव जैसे नेताओं की भारतीय राजनीति में अहम भूमिका रही है। निःसंदेह नेहरू -इंदिरा -राजीव ने देश को विकास व आधुनिकता की राह पर लाने,देश को आत्मनिर्भर बनाने व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को सम्मान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसी तरह लालू प्रसाद यादव और मुलायम सिंह यादव को भी भारतीय राजनीति में मुख्य रूप से "मंडल राजनीति के दो सबसे बड़े चेहरे" और "उत्तर भारत में जातिगत गोलबंदी की राजनीति के जनक" के रूप में याद किया जाता है। इन दोनों ही नेताओं ने 90 के दशक में ओ बी सी विशेषकर यादव- दलित-मुस्लिम गठजोड़ को इतनी शक्ति दी कि उत्तर प्रदेश और बिहार में लंबे समय तक कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा दोनों को सत्ता से बाहर रखा। आज भी इन्हें मंडल क्रांति के नायक, सामाजिक न्याय के प्रतीक तथा भाजपा व कांग्रेस दोनों ही राष्ट्रीय दलों का विकल्प देने की क्षमता रखने वाले नेताओं के रूप में याद किया जाता है। पूरे देश में नेहरू -इंदिरा परिवार ने और देश के दो सबसे बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश व बिहार में इन यादव घरानों ने धर्मनिरपेक्ष व समाजवादी राजनीति की जो अमिट छाप छोड़ी है उसी ने भाजपा को लंबे समय तक सत्ता से दूर रखा। अपनी इसी कसक को भाजपा नेता 'परिवारवाद ' के रूप में प्रचारित कर अपनी भड़ास निकालते रहते हैं। जबकि इन परिवारों की वर्तमान पीढ़ियों में राहुल गांधी ने पहले हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका में पढ़ाई की बाद में रोलिंस कॉलेज, फ्लोरिडा, अमेरिका से स्नातक की डिग्री ली और ट्रिनिटी कॉलेज, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, ब्रिटेन से 95 में डेवलोपमेन्ट स्टडीज़ में एम फ़िल पूरी की। चार बार सांसद भी चुने जा चुके हैं। इसी तरह अखिलेश यादव ने भी सिविल/एनवायर्नमेंटल इंजीनियर की डिग्री व मास्टर्स डिग्री सिडनी विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया से हासिल की है। वे भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व पांच बार सांसद होने का अनुभव रखते हैं। गोया यह लोग न अशिक्षित हैं न ही अनुभवविहीन न ही नक़ली डिग्री धारी। तेजस्वी यादव अशिक्षित ज़रूर हैं परन्तु उनके पास राजनीति का एक दशक से भी लंबे समय का अनुभव होने के साथ साथ पांच बार विधायक दो बार उपमुख्यमंत्री व नेता विपक्ष के पद पर रहने का अनुभव व लालू के कारण ही सही परन्तु भारी लोकप्रियता भी है। सवाल यह है कि परिवारवाद का विरोध करने वाली भाजपा क्या ख़ुद भी परिवारवाद से दूर रहती है ? क्या उन क्षेत्रीय पार्टियों या नेताओं से पार्टी फ़ासला बनाकर रखती है जो परिवारवाद की राजनीति करते हैं ? इस समय वर्तमान नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल में ही कम से कम 15 मंत्री ऐसे हैं जो परिवारवाद से जुड़े हैं या अपनी राजनीतिक विरासत आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा के कुल सांसदों में से लगभग 12% राजनैतिक विरासत से आते हैं। अनुराग ठाकुर,ज्योतिरादित्य सिंधिया,पीयूष गोयल,धर्मेंद्र प्रधान,किरेन रिजिजू,राव इंद्रजीत सिंह,रक्षा खड़से आदि ऐसे कई उदाहरण हैं जो परिवारवाद के चलते ही केंद्र में मंत्री पद तक पहुँच सके हैं। परन्तु जब विपक्ष भाजपाई परिवारवाद का यही दर्पण भाजपा को दिखाता है तो भाजपा दावा करती है कि इनका चयन योग्यता अर्थात 'गुणवाद' पर आधारित है, न कि परिवारवाद पर। इससे बड़ा पाखंड और क्या हो सकता है ? अभी पिछले दिनों बिहार में जब नितीश कुमार मंत्रिमंडल ने शपथ ली तो उसमें भी भाजपा व उसके सहयोगी दलों का परिवारवाद टिकट वितरण से लेकर मंत्री मंडल में स्थान पाने तक सिर चढ़कर बोलता दिखाई दिया। यहाँ विधान सभा चुनाव में एन डी ए की ओर से 29 ऐसे विधायक जीतकर आये हैं जो परिवारवाद का प्रतीक हैं। जबकि 26 मंत्रियों में से 9 मंत्री भी परिवारवाद से जुड़े हैं। इनमें सबसे प्रमुख परिवार केंद्रीय मंत्री व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का है। जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा को 2025 चुनाव में हिस्से में कुल 6 सीटें मिली थीं जिनमें से 5 पर उन्होंने अपने रिश्तेदारों को टिकट दे दिया। इस समय उनके परिवार के 7 सदस्य राजनीति में सक्रिय हैं तथा 5 व्यक्ति सांसद,विधायक व मंत्री बने हैं। इनमें संतोष कुमार सुमन, जीतन राम मांझी के पुत्र हैं ये विधान पार्षद (एम एल सी )हैं तथा इन्हें इस बार तीसरी बार नितीश मंत्रिमंडल में जगह मिली है। इसके अतिरिक्त दीपा मांझी, जीतन राम की पुत्रवधू अर्थात संतोष (मंत्री जी )की पत्नी हैं।यह विधायक हैं। जीतन मांझी की भाभी ज्योति देवी विधायक हैं। प्रफुल्ल कुमार दामाद ,संतोष (मंत्री जी ) का साला विधायक है । एक अन्य रिश्तेदार देवेंद्र मांझी दामाद उपाध्यक्ष व बिहार SC आयोग का अध्यक्ष है। यह पूर्व में मुख्यमंत्री काल में मांझी के पी ए भी रह चुके हैं। इसी तरह बिहार की एक और क्षेत्रीय पार्टी है राष्ट्रीय लोक मोर्चा। बिहार चुनाव में राज्यसभा सदस्य व पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाली आर एल एम के हिस्से में बिहार के 2025 चुनाव में 6 सीटें मिलीं इनमें से 4 पर विजय हासिल की। इनके परिवार में भी कुल 3 व्यक्ति सांसद,विधायक व मंत्री बने हैं। उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र दीपक प्रकाश न तो विधायक हैं न ही विधान पार्षद न ही वे चुनाव लड़े। परन्तु इस भरोसे मंत्री बना दिए गये कि अगले 6 महीने में यह विधान परिषद् सदस्य बन जायेंगे। इसी तरह उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता कुशवाहा इस बार सासाराम से विधायक चुनी गयी हैं। लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग़ पासवान की पार्टी में कई रिश्तेदार विधायक चुने गए हैं। पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी के बेटे सम्राट चौधरी भाजपा से उपमुख्यमंत्री हैं। कैप्टन जय नारायण निषाद पूर्व सांसद की बहू रमा निषाद को मंत्री बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री स्व जगन्नाथ मिश्रा के बेटे नीतीश मिश्रा को मंत्री बनाया। पूर्व मुख्यमंत्री हरिहर सिंह के बेटे भाजपा विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह को मंत्री व जे डी यू के पूर्व विधायक राम नंदन सिंह के बेटे श्रवण कुमार को मंत्री बनाया गया। भाजपा शासित अन्य कई राज्यों में भी इसी तरह के 'परिवारवाद की पताका' लहराती दिखाई देगी। परन्तु गत चार दशकों से इन्हें केवल विपक्षी दलों का ही परिवारवाद नज़र आता है। गोया तुम्हारा है तो 'परिवारवाद ' हमारा है तो 'गुणवाद'?




## सू- दोकू क्र. 244

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.243 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -244


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 243 का हल**



## राशिफल

**मेष** आज आपको अपने कामों में लंबे समय बाद सफलता हासिल होगी, लेकिन आप लेनदेन किसी से आंख बंदकर भरोसा करके ना करें। बिजनेस को भी एक नई रहा मिलेंगे और पार्टनरशिप भी आपके लिए बेहतर रहेगी। आप अपने किसी मित्र की मदद के लिए भी आगे आएंगे और आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की संभावना है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं को पहचानकर चलना होगा। छुटपुट लाभ के अवसरों पर भी आप पूरा ध्यान दें और किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाएं रखने की आवश्यकता है। आपको किसी लिए गए निर्णय के लिए पछतावा होगा। यदि कोई शारीरिक समस्या को लंबे समय से चल रही थी, तो वह बढ़ सकती है।

**मिथुन** आज का दिन वैवाहिक जीवन जी रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। यदि किसी बात को लेकर कड़वाहट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपसी सामंजस्य बना रहेगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छी सफलता हासिल होगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है, जो लोग रोजगार को लेकर परेशान है, उन्हें कोई अच्छी नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी, जिससे राजनीति में भी आपको अच्छी पहचान मिलेगी, लेकिन आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए किसी बड़े लक्ष्य की पूर्ति के रहेगा। आपको अच्छा लाभ मिलने से खुशी होगी। संतान को किसी नई नौकरी के मिलने से वह कहीं बाहर जा सकते हैं। जो लोग सिंगल हैं, उनकी अपने साथी से मुलाकात होगी। पैतृक संपति को लेकर कोई विवाद यदि आपको टेंशन दे रहा था, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचना होगा।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको किसी काम में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। बड़े बुजुर्ग आपको काम को लेकर सलाह दे सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको अपनी किसी सहयोगी की कोई बात पूरी लग सकती हैं। आप सूझबूझ से आगे बढ़ेंगे। माता-पिता आपके कामों में पूरा साथ देंगे।

**तुला** आज का दिन आपके लिए पिछले चली आ रही समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके किसी लिए गए निर्णय को लेकर पछतावा होगा। आप मौज-मस्ती के मुड में रहेंगे। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। यदि आप किसी दूसरे पर डिपेंड रहें, तो इससे आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपका कोई पुराना लेनदेन समय रहते चुकता होगा। जो विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई को लेकर परेशान है, तो उन्हें भी अच्छी सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए किसी नये घर मकान आदि की खरीदारी के लिए रहेगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग भी कर सकते हैं। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा और आपको व्यापार में भी अच्छा फायदा होगा और आपकी रुकी हुई योजनाएं भी फिर से शुरू हो सकती हैं। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छी सफलता हासिल होगी, लेकिन भाई व बहनों से आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी होने की संभावना है।

**धनु** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण कामों को करने के लिए रहेगा। आपको काम को लेकर कोई बड़ा उत्तरदायित्व मिल सकता है। आपके बॉस आपको जिम्मेदारी देकर काफी खुश होंगे। आप अपने पारिवारिक मामलों को लेकर भी आप बातचीत कर सकते हैं। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। जीवनसाथी की ओर से किसी सरप्राइज पार्टी के मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

**मकर** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपके परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। आपके प्रमोशन की बात भी आगे कर सकते हैं। संतान के मनवाने व्यवहार के कारण आपको कोई धन संबंधित समस्या हो सकती है। आपको किसी लिए गए निर्णय के लिए पछतावा हो सकता है।

**कुंभ** आज आप अपने आपको तरोताजा महसूस करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। आप कहीं जाने की प्लानिंग कर सकते है। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा। बिजनेस के सिलसिले में आप कहीं बाहर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आप अपनी कोई मन की इच्छा को लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। संतान से आपकी कहासुनी होने की संभावना है।

**मीन** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मन में कुछ नया करने को लेकर उथल-पुथल बनी रहेगी, लेकिन आप किसी अजनबी पर कोई भरोसा करने से बचें। आपको कामों से एक नयी पहचान मिलेगी, लेकिन वह इतनी अच्छी नहीं होगी, जितनी आपने सोची थी। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है।

# यह है देश में चल रही 'स्पेशल रेल गाड़ियों' के संचालन की सच्चाई


तनवीर जाफ़री



गत दिनों अपने किसी निजी कार्यवश अचानक बिहार जाने का कार्यक्रम बन गया। प्रायः शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मेरा दरभंगा आना जाना होता है परन्तु इस बार चूँकि मात्र एक सप्ताह पूर्व ही दरभंगा जाने की तिथि निर्धारित हुई इसलिये शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस में आरक्षण न मिल पाने के चलते आने जाने हेतु अन्य विकल्प तलाश करने पड़े। ऐसे ही वैकल्पिक ट्रेन थी अमृतसर - जयनगर 'स्पेशल ट्रेन' यानी 04652 । इस ट्रेन के अमृतसर से अंबाला पहुंचने का निर्धारित समय दोपहर 2 बजकर 50 मिनट था और दरभंगा पहुंचने का निर्धारित समय अगले दिन शाम 5.30 बजे था। अर्थात पूरी यात्रा लगभग 26 घंटे 30 में तय होनी थी। परन्तु यह ट्रेन अगले दिन शाम 5.30 बजे दरभंगा पहुँचने के बजाये तीसरे दिन सुबह लगभग 8.30 बजे पहुंची। यानी यह 'स्पेशल ट्रेन' 04652 लगभग 15 घंटे की देरी से दरभंगा पहुंची। इतना ही नहीं जहाँ दूसरी मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स का अंबाला-दरभंगा का ए सी थ्री का किराया लगभग 1500 रुपये है वहीं इस तथाकथित 'स्पेशल ट्रेन' के नाम पर यात्रियों से किराया भी क़रीब 2000 / रूपये वसूल किये गये।

इसी तरह वापसी के लिये भी जिस ट्रेन में ए सी थ्री श्रेणी में आरक्षण मिल सका वह भी दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन 02569 थी। इसका भी दरभंगा से छूटने का निर्धारित समय सुबह 6 बजकर 30 मिनट था परन्तु यह वहां से प्रातः 9 बजकर 40 मिनट पर यानी तीन घंटा दस मिंट के विलंब से रवाना हुई। और अपने निर्धारित समय यानी अगले दिन सुबह 4 बजे नई दिल्ली पहुँचने वाली यह स्पेशल ट्रेन लगभग 1. 30 बजे दोपहर अर्थात क़रीब दस घंटे की देरी से नई दिल्ली स्टेशन पहुँच सकी। इसका भी ए सी थ्री श्रेणी का किराया 1900 रूपये था जबकि अन्य सामान्य मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में 1500 के आस पास होता है। इस लेट लतीफ़ी के परिणाम स्वरूप कितने यात्रियों को किन किन परेशानियों का सामना करना पड़ा रेल विभाग को इससे कोई लेना देना नहीं। रास्ते में ट्रेन में खाने पीने व वाशरूम में जल आपूर्ति संबंधी कैसी कैसी परेशानियों का सामना यात्रियों ने किया रेल विभाग से इसका भी कोई वास्ता नहीं। रेल विभाग को तो यात्रियों की जेब से 'स्पेशल ट्रेन' के नाम पर ठगे गए फ़ालतू किराये भर से ही मतलब है। इस समय आपको देश के कई भाग से इसी तरह की अनेक ट्रेन स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलती दिखाई दे जाएँगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें अधिकांश स्पेशल या क्लोन ट्रेन इसी तरह घंटों नहीं बल्कि दिन के हिसाब से लेट चल रही हैं। जानकारी जुटाने पर पता चला कि यह वही ट्रेन्स हैं जिन्हें पिछले दिनों त्योहारों के दौरान स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलाया गया था। परंतु चूंकि इसका किराया अन्य ट्रेन्स की तुलना में काफ़ी अधिक है और यात्रियों की संख्या अधिक होने के चलते यह ट्रेन्स त्यौहार ख़त्म होने के बावजूद अभी भी यात्रियों की भारी भीड़ ढो रही हैं इसलिये रेल विभाग भी इसे अपनी कमाऊ योजना समझकर त्यौहार ख़त्म होने के बावजूद अभी भी चला रहा है।अब चूँकि इस तरह की स्पेशल या क्लोन रुपी ट्रेन्स सप्ताह में 3 या चार दिन ही चलती हैं इसलिये इनके एक या दो दिन लेट हो जाने पर भी रेल विभाग को कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता। हाँ यात्रियों को जो परेशानियां उठानी पड़ती है उसका रेल विभाग या सरकार से कोई वास्ता ही नहीं। किसी यात्री की अस्पताल में डॉक्टर से महीनों पहले ली गयी अपॉइंटमेंट निरस्त हो जाती है जिससे उसकी जान व सेहत प्रभावित होती है। किसी की परीक्षा छूट जाती है किसी को नौकरी ज्वाइन करनी होती है किसी को शादी ब्याह में शामिल होना होता है। गोया लोगों की तरह तरह की व्यस्तताओं पर रेल विभसग की लेट लतीफ़ी पानी फेर देती है। जब स्पेशल या क्लोन ट्रेन के नाम पर संचालित रेलगाड़ियों की यह स्थिति है तो सामान्य ट्रेन्स की हालत का अंदाज़ा भी आसानी से लगाया जा सकता है। ख़ासकर बिहार की ओर जाने वाली गाड़ियां तो लगभग हमेशा ही विलंब व अति विलंब से ही चलती हैं। सुबह की ट्रेन शाम व शाम को पहुँचने वाली ट्रेन का अगले दिन सुबह अपने गंतव्य तक पहुंचना तो गोया आम बात हो चुकी है।

सच तो यह है कि सरकार की प्राथमिकताओं में पहले से चल रही सामान्य /एक्सप्रेस व मेल ट्रेन्स को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संचालित करना नहीं बल्कि वंदे भारत ट्रेन्स की संख्या बढ़ाना है। वंदे भारत ट्रेन्स संचालित करने के पीछे भी यही कहानी है कि इसमें अन्य ट्रेन्स की तुलना में किराया काफ़ी अधिक है जिसे साधारण व्यक्ति ख़ासकर 5 किलो मुफ़्त राशन पर जीने को मजबूर व 10 हज़ार रूपये लेकर वोट डालने वाली महिलायें तो कम से कम सहन नहीं कर सकतीं। सरकार की दूसरी प्राथमिकता देश के चुनिंदा रेल स्टेशन को चमकाने व उनका रंग रोग़न करने की है। भले ही इन स्टेशन पर भिखारी कुत्ते गाय सांड आदि क्यों न डेरा जमाये हों। देश के अधिकांश रेलवे स्टेशन दशकों से नशेड़ियों व अपराधियों की शरण स्थली बने हुये हैं। आज भी देश के अनेक स्टेशन पर लूट चोरी ,जेब कतरी,ज़हर खुरानी,अवैध यात्री,रिश्वत ख़ोरी आदि अपराध धड़ल्ले से अंजाम दिए जाते हैं। शर्मनाक तो यह है कि देश के तमाम रेल स्टेशन पर बाक़ायदा रेल विभाग की ओर से लाउडस्पीकर से जेब कतरों से सावधान रहने,ज़हर खुरानी से बचने व अपने सामन की सुरक्षा करने जैसी घोषणायें बार बार की जाती हैं। परन्तु सरकार के पास यात्रियों को सुरक्षित व आरामदायक यात्रा मुहैया कराने की न तो कोई योजना है और शायद न ही यह उसकी भावी योजनाओं का हिस्सा प्रतीत होती है। बल्कि सरकार तो बुलेट ट्रेन चलाने की योजना पर काम कर रही है। शायद बिहार जैसे राज्यों से आने वाले ताज़ातरीन चुनाव परिणामों के बाद सरकार इस निष्कर्ष पर भी पहुँच चुकी है कि यू पी व बिहार जैसे घनी आबादी वाले राज्यों की जनता जब मुफ़्त राशन व नक़द पैसों के बदले वोट दे ही देती है तो उसे निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ट्रेन संचालन जैसे विषय से क्या लेना देना ? और जिस जागरूक व शिक्षित वर्ग के रेल यात्री ट्रेन्स की लेटलतीफ़ी या ट्रेन संचालन की अन्य त्रुटियों से प्रभावित होते भी हैं या इसे महसूस करते हैं उनकी संख्या 'लाभार्थी मतदाताओं ' से तो आख़िर कम ही है ? जो भी हो परन्तु कुल मिलाकर यही है देश में चल रही 'स्पेशल रेल गाड़ियों ' के संचालन की सच्चाई।



## एक नजर

### मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए संभागीय स्तरीय प्रशिक्षण जिला पंचायत में दिया गया

**दंतेवाड़ा,30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के 13 वें चरण के अंतर्गत संभागीय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज जिला पंचायत में किया गया। इस प्रशिक्षण में बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर एवं बस्तर जिलों से आए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मलेरिया अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं मलेरिया सलाहकारों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के 13वें चरण के संचालन हेतु सर्विलांस, घर-घर मलेरिया जांच, वेक्टर नियंत्रण, उपचार प्रोटोकॉल तथा सामुदायिक जागरूकता की उन्नत तकनीकों से प्रतिभागियों को सशक्त बनाना रहा। इस प्रषिक्षण षाला में विशेषज्ञों द्वारा मलेरिया नियंत्रण हेतु नवीन दिशा-निर्देश, जांच (आरडीटी, स्लाइड), दवा वितरण प्रणाली तथा रिपोर्टिंग के मानकीकृत तरीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने बताया कि मलेरिया उन्मूलन के लिए समय पर जांच, त्वरित उपचार और जनभागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने तथा घर-घर पहुंचकर मलेरिया की रोकथाम के प्रयासों को और अधिक गति देने पर जोर दिया गया। अंत में अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को आगामी मैदानी कार्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का उपयोग कर संभाग सहित जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित होगी।

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का निरंतर निरीक्षण अधिकारी कर रहे

**दंतेवाड़ा, 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची अद्यतन कार्य का निरीक्षण निरंतर जारी है। इसी क्रम में एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री लोकांश एल्मा द्वारा आज मतदान केंद्र क्रमांक 80 कतियारास एवं मतदान केंद्र क्रमांक 97 दंतेवाड़ा में एसआईआर कार्य की समीक्षा की गई। उन्होंने बीएलओ को घर-घर सर्वे, नाम जोड़ने, संशोधन और विलोपन कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन कर आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

### शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष कार्यशाला आयोजित

**दंतेवाड़ा, 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा में मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष कार्यशाला का आज आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. दिनेश कुमार लहरी ,सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान ने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए बताया कि यूजीसी ने सभी महाविद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने हेतु निर्देश दिया है ताकि छात्रों के मानसिक और भावनात्मक समस्याओं का निदान किया जा सके। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विवेक षर्मा, संयोजक श्री मारुति नंदन मरकाम, महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक श्रीमती अर्चना झा, राहुल गौरखेड़े, श्री विश्वत ध्रुव, डॉ. सुभाष सोनी श्री डीगेश गायधने, सुश्री रामेश्वरी सिंह, डॉ गौरव पांडे, डॉ. खमेशवर नेताम तथा डॉ. नियति अग्रवाल, समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला पशु चिकित्सालय में बेहतर उपचार उपलब्ध कराएं:डोमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 30 नवंबर।** कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने शुक्रवार को जिला पशु चिकित्सालय जगदलपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर पशु चिकित्सा सेवाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने उक्त चिकित्सालय में पशुपालकों को अपने पालतू मवेशियों के सघन टीकाकरण करवाने सहित उपचार कराए जाने के लिए समझाइश देने कहा। साथ ही पालतू पशुओं को चिकित्सालय लाकर समुचित ईलाज और जरूरत के अनुरूप ऑपरेशन करवाए जाने के लिए परामर्श देने के निर्देश दिए। उन्होंने पशु कल्याण समिति की बैठक को नियमित तौर पर करने सहित उक्त मद से चिकित्सालय की आवश्यकता के अनुरूप छोटे उपकरण तथा राज्य स्तर से आपूर्ति नहीं होने वाले दवाइयों का क्रय किए जाने कहा। साथ ही जरूरत के अनुसार चिकित्सालय परिसर में शेड निर्माण करवाने के निर्देश दिए। वहीं एक्सरे मशीन के मरम्मत हेतु जल्द प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।उन्होंने जिला पशु चिकित्सालय तथा परिसर में स्वच्छता एवं साफ-सफाई रखने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की सहभागिता से हर महीने के तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाए जाने कहा। वहीं अनुपयोगी वाहनों, उपकरणों एवं सामग्रियों को नियमानुसार अपलेखन किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने जिला पशु चिकित्सालय के साथ ही चलित पशु चिकित्सा इकाई और ब्लॉक स्तर के पशु चिकित्सालयों तथा अन्य पशु औरषधालयों की व्यवस्था को भी सुदृढ़ किए जाने कहा, ताकि उक्त पशु चिकित्सा संस्थान ग्रामीण इलाकों के पशुपालकों एवं किसानों को उनके पालतू पशुओं के टीकाकरण एवं उपचार के लिए कारगर साबित हो सकें। उन्होंने जगदलपुर में वेटनरी पॉलीक्लिनिक को भी जल्द शुरू करने पर बल देते हुए कहा कि इसके जरिए पशुपालकों एवं किसानों के मवेशियों के बेहतर उपचार में मदद मिलेगी। कमिश्नर ने इस दौरान जिला पंचायत के समीप पशु अन्वेषण प्रयोगशाला का भी निरीक्षण कर यहां पर ब्लड सेम्पल, वीर्य एवं यूरिन सेम्पल इत्यादि की जांच के बारे में विस्तृत जानकारी ली और इस संस्था की जरूरत के मद्देनजर नवीन उपकरण एवं मशीन की आपूर्ति के लिए प्रस्ताव राज्य स्तर पर प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान सयुंक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. देवेन्द्र नेताम, चलित पशु चिकित्सा यूनिट के प्रभारी डॉ. देव सहित अन्य पशु चिकित्सक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**बस्तर से लाल आतंक के खात्मे का स्पेशल मैप व कैंप स्थापित होने से बड़ा बदलाव हुआ शुरू**

# नक्सलवाद का अब अंत करीब, निर्णायक जीत की बड़ी घोषणा डेडलाइन से पहले भी संभवः सुंदरराज पी.

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 30 नवंबर।** संपूर्ण भारत देश में पिछले छह दशकों में नक्सल नेटवर्क 180 जिलों तक फैला था, इसमें सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित राज्य छत्तीसगढ था, इसमें भी केरल राज्य से बड़े भूभाग में विस्तारित बस्तर संभाग के वन आच्छदित इलाके देश भर के नक्सलियों के सबसे सुरक्षित पनाहगाह बन गये। केंद्रिय गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2014 से पहले तक 125 जिले नक्सल प्रभावित थे, जो पिछले 11 साल में सिमटकर 11 जिलों तक सीमित हो चुके हैं।यह आंकड़ा भी अब पुराना हो चुका है, वर्तमान में छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के अब मात्र तीन जिलों तक नक्सवाद के सिमटने की बात कही जा रही है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. के अनुसार अब पूरे बस्तर संभाग में हथियार बंद नक्सलियों की संख्या 120 से 150 के बीच ही शेष बची है। पिछले छह दशक से विस्तारित नक्सलवाद का अब अंत करीब दिख रहा है। अब देश निर्णायक जीत के सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर खड़ा है। देश में सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित जिले छत्तीसगढ़ में अब लगभग सभी बड़े नक्सली कैडर खत्म हो चुके है। नक्सलियों के सुप्रीम लीडर बसवा राजू के मारे जाने के बाद से संगठन ताश के पत्तों की तरह बिखरता दिख रहा है। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, और झारखंड के प्रभावित जिलों में शांति बहाली पर तेजी से काम हो रहा है। डेडलाइन से पहले भी बड़ी घोषणा संभव है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जनवरी 2024 को छत्तीसगढ़ आकर एक डेडलाइन तय की और कहा कि 31 मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद खत्म हो जाएगा। उस वक्त सबने कहा कि यह दावा बहुत बड़ा है लेकिन बीते 23 महीने में केंद्र और देश के नक्सल प्रभावित राज्यों ने लाल आतंक को खत्म करने जिस दृढ़ता से काम किया उसका अब सुखद नतीजा सामने है। केंद्र की घोषित समय सीमा जैसे-जैसे करीब आ रही है, वैसे-वैसे नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। नक्सल प्रभावित राज्यों के पराक्रमी जवानों ने लगातार आपरेशनों, साहस और रणनीति के दम पर इस हिंसक विचारधारा को घुटनों पर ला दिया है। बस्तर में कभी नक्सली खुलेआम कई-कई दिनों तक हजारों ग्रामीणों को बुलाकर बड़ी-बडी आम सभा का आयोजन करते थे, जिसमें बकायदा स्थानिय पत्रकारों को बुलाकर इसकी नुमाईश करते थे, वहीं हजारों की भीड बुलाकर रूह कपा देने वाली कथित जन-अदालत लगकर ग्रामीणों को मौत की सजा दी जाती थी, यह सब अब अतीत का हिस्सा बन गया है।

मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों का सबसे बड़ा लीडर बसवा राजू मई 2025 में अबूझमाड़ के जंगल में मारा गया। फोर्स को बसवा के पास से जो मिला उसने नक्सलियों का तिलिस्म तोड़ दिया। बसवा राजू के लैपटॉप ने ऐसे राज खोले कि नक्सलियों की घेराबंदी में मदद मिली। वहीं सबसे दुर्दांत लीडर बस्तर के माड़वी हिड़मा को इसी महीने आंध्र प्रदेश में ढेर कर दिया गया। इसके बाद से नक्सलियों में दहशत और अफरा-तफरी है। उसके खात्मे के बाद से लगातार बस्तर समेत देशभर में नक्सलियों के आत्मसमर्पण हो रहे हैं। इसके साथ ही नक्सलियों को सपोर्ट करने वाले फाइनेंशियल नेटवर्क को बड़े ही व्यवस्थित तरीके से खत्म कर दिया गया है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानि एनआईए की एक विशेष विंग ने देशभर में नक्सलियों की 40 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जब्त की है, जबकि प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के ऑपरेशंस से इनकी करीब 12 करोड़ की जब्ती हुई है। राज्यों ने भी नक्सलियों के 40 करोड़ जब्त किए हैं। इस कार्रवाई से अर्बन नक्सलियों को तगड़ा झटका लगा है।

बस्तर संभाग से नक्सवाद के खत्में में लगे सबसे लंबी अवधि तक नक्सल इलकों में अपनी सेवाएं दे रहे अनुभवी बस्तर आईजी सुंदरराज पी. से हमने जाना कि बीते 23 महीने में ऐसा क्या हुआ कि बस्तर में नक्सलवाद अब अंतिम सांसें गिन रहा है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी.का कहना है कि नक्सलवाद से अगर किसी राज्य में सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा तो वह छत्तीसगढ़ है। छत्तीसगढ़ का बस्तर पिछले चार दशक से लाल आतंक के दंश का सामना कर रहा था। उन्होंने कहा कि मैं नक्सल ऑपरेशन को लंबे वक्त से बेहद करीब से देख रहा हूं। लगभग ढाई साल पहले हमने बस्तर से लाल आतंक के खात्मे का एक स्पेशल मैप तैयार किया। इस मैप में हमने यह दर्शाया कि नक्सलियों के प्रभाव वाला इलाका कौन सा है। यह मैप हमारे स्पेशल प्लान का बड़ा हिस्सा था। इसी के आधार पर हमने जनवरी 2024 के बाद से बस्तर में बड़े पैमाने पर सुरक्षाबलों के कैंप स्थापित करना शुरू किए। जहां कभी कोई सरकारी कर्मी नहीं पहुंचे थे, ऐसे इलाकों में कैंप स्थापित होने से बड़ा बदलाव शुरू हुआ। ग्रामीणों का विश्वास हम जीतते गए।

## समाचार संक्षेप

### पीले फूलों की छटा बिखेरते राम तिल के खेत बने आकर्षण का केंद्र



**दंतेवाड़ा, 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले की प्राकृतिक सुंदरता मानसून एवं शीतऋ्तु में हमेशा से ही दर्शनीय रहती है। मानसून तो बीत चुका है परन्तु अब इस ठंड के मौसम में भी जिले का प्राकृतिक सौंदर्य प्रकृति प्रेमियों को लुभाने में सक्षम है। जिले के ग्रामीण परिवेश में जाए तो दूर-दूर तक धान के पके फसलों से लैस खेत खलिहान या फिर फसल कटाई में व्यस्त ग्रामीणजनों की टोलियां या फिर हरे भरे जंगलों के बीच दृष्टिगोचर छोटे बड़े नदी नालाओं में बहती स्वच्छ जलधाराएं सभी का मनमोह लेती है। कुल मिलाकर इन सभी का सम्मिलित परिदृश्य शीत ऋतु को रोचक एवं आनंददायक बनाने के लिए पर्याप्त है। इन सभी के बीच विकासखंड दंतेवाड़ा के ग्राम मेंडोली में रामतिल की खेती इस प्राकृतिक सौंदर्य को चार चांद लगा रही है। जिले से 20 किलोमीटर दूर ग्राम मेंडोली पहुंचने पर सड़क दोनों ओर रामतिल फसल के लहलहाते पीले फूलों से ढके खेत देखकर ऐसा लगता है मानो धरती ने पीला दुशाला ओढ़ रखा हो। फोटोग्राफी प्रेमियों और प्रकृति को निहारने वालों के लिए ये सभी खेत आकर्षण का नया केंद्र बन गया है। सुबह की रोशनी और शाम की हल्की धूप में रामतिल के पीताभ फूलों की सुषमा के बीच दृश्य इतना मनमोहक दिखता है कि हर आगंतुक इसे कैमरे में कैद किए बिना आगे नहीं बढ़ता। रामतिल की खेती कर रहे मेंडोली ग्राम के किसानों में से एक श्री मंगडू कश्यप का कहना है कि उन्होंने पारंपरिक फसलों के स्थान पर पहली बार रामतिल जैसे वाणिज्यिक वैकल्पिक फसल को चुनने का निर्णय लिया है। वे कहते है कि इस फसल को तैयार करने में उन्हें बहुत कम पानी की आवश्यकता हुई। और कम मेहनत और लागत के साथ उनकी फसल तैयार हो गई। विभागीय सूत्रों की मानें तो रामतिल की फसल बाजार मूल्य अन्य फसलों की तुलना में अधिक है। जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

ज्ञातव्य है कि कृषि विभाग और जिला प्रशासन द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन के साथ-साथ चयनित कृषकों को बीज की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है, जिसके लिए सीड बैंक की विशेष व्यवस्था लागू की गई है, ताकि किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज समय पर और स्थानीय स्तर पर ही मिल सके। नेशनल ऑयलसीड मिशन के अंतर्गत दंतेवाड़ा विकासखंड में कावड़गांव को क्लस्टर बनाकर तिलहन उत्पादन का विस्तार किया गया है। इसी कार्यक्रम के तहत मंडोली सहित चितालुर, पोंदूंम, जारम, मेटापाल, कावड़गांव और डुमाम जैसे गांवों के किसानों द्वारा 1 से 5 एकड़ तक रामतिल की बुवाई की गई है। निर्धारित लक्ष्य अनुरूप जिले के 100 हेक्टेयर क्षेत्र में 150 किसानों को रामतिल की बुआई के लिए चिन्हांकित किया गया था। और कृषि विभाग द्वारा फसल की मॉनिटरिंग करने पर पाया गया कि सभी गांवों में फसल की स्थिति अत्यंत उत्तम है। इससे भविष्य में रामतिल का रकबा बढ़ाए जाने की संभावना को बल मिला है इसके अलावा इस खेती को लेकर किसानों में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को भी मिला है।

बहरहाल रामतिल के इन लहलहाते खेतों ने जिले में तिलहन की खेती की संभावनाओं को न केवल बढ़ाया है, बल्कि ग्रामीण पर्यटन का दरवाजा भी खोल दिया है। बाहरी आगंतुकों की बढ़ती आवाजाही से गांव में नए अवसर विकसित हो रहे हैं और युवाओं को भी स्थानीय स्तर पर रोजगार और उद्यमिता की संभावनाएँ नजर आने लगी हैं। प्रकृति के सौंदर्य संरक्षण और खेती की विविधता को बढ़ावा देने की यह पहल ग्रामीण प्रगति का नया अध्याय लिख रही है। मेंडोली की यह सफलता कहानी अब पूरे दंतेवाड़ा जिले के किसानों के लिए प्रेरणा बन चुकी है। प्रशासन एवं कृषि विभाग के सतत सहयोग से यह उम्मीद और मजबूत हुई है कि आने वाले वर्षों में रामतिल तथा अन्य तिलहन फसलों का रकबा तेजी से बढ़ेगा और किसानों की आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी। इसके साथ ही फील्ड ऑफिसर श्री सुरेश कुमार नाग तथा लोकल रिसोर्स पर्सन (एल.आर.पी.) श्री दिलीप मरकाम, द्वारा समय-समय पर किसानों को मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग प्रदान भी किया जा रहा है।

### जिले में निष्क्रिय खातों के हकदारों को 0.72 करोड़ रुपए की राशि वापस की गई

**दंतेवाड़ा, 30 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले में लंबे समय से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों को पुनः सक्रिय करने और नागरिकों को सुरक्षित बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के लिए ( 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक) सभी ब्लॉकों में विशेष शिविर आयोजित के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीईएएफ(जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष) योजना के तहत चल रहे इन कैंपों का उद्देश्य पिछले दस वर्षों से बंद पड़े खातों का त्वरित, पारदर्शी और सरल निपटान करना हैं। कार्यशाला में अभियान ''आपकी पूंजी, आपका अधिकार के तहत निष्क्रिय बैंक खातों में जमा राशि वापस दिलाने में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। अब तक जिले में 0.72 करोड़ रुपए की राशि हकदारों को लौटा दी गई है। जिला प्रशासन की सक्रियता और लगातार चलाए जा रहे जागरूकता शिविरों के फलस्वरूप ऐसे खातों की पहचान की गई है, जिन पर वर्षों से कोई दावा नहीं किया गया था। इन निष्क्रिय खातों में कुल 12 करोड़ रुपए से अधिक की राशि दर्ज है, जिसे हकदारों तक पहुंचाने के लिए दस्तावेज सत्यापन एवं दावा प्रक्रिया तेज गति से जारी है। अभियान के दौरान बैंकवार रिपोर्ट में सबसे अधिक निष्क्रिय उपभोक्ता भारतीय स्टेट बैंक से जुड़े हुए पाए गए। शिविरों में 150 से अधिक नागरिक पहुंचे, जिनके दस्तावेज सही पाए जाने पर उनके दावों का तत्काल निपटान किया गया और उन्हें प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। आधार, पैन सत्यापन, दावा फॉर्म भरने तथा निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने की पूरी प्रक्रिया शिविर स्थल पर ही पूर्ण कराई गई।इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर के महाप्रबंधक श्री गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक जगदलपुर श्री मोहित सिंगल, अग्रणी बैंक अधिकारी दंतेवाड़ा श्री शिवराम बघेल सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बैठक में एसआईआर पर की चर्चा

**दंतेवाड़ा, 30 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में आज जिला निर्वाचन कार्यालय दंतेवाड़ा में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा की गई। बैठक में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित करने, संग्रहित करने एवं उसके डिजिटाइजेशन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रतिनिधियों को अब तक की प्रगति से अवगत कराया तथा राजनीतिक दलों को प्रगति सूची भी प्रदान की। राजनीतिक दलों ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति पर संतुष्टि व्यक्त की तथा आवश्यक सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किशोरी सशक्तिकरण, बाल विवाह रोकथाम एवं माहवारी स्वच्छता पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 30 नवंबर।** जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से जिले में किशोरी सशक्तिकरण, बाल विवाह रोकथाम एवं माहवारी स्वच्छता विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन में शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए अभिभावकों की सहभागिता से प्रत्येक बच्चे के घर में ''पढ़ाई का कोना'' बनाने एवं ''आज क्या सीखा'' विषयवस्तु पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही यूनिसेफ कार्यक्रम के तहत सुश्री प्रिया वाडकर द्वारा जिले के शक्ति केन्द्र में समस्त संकुल समन्वयक एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सक्रिय महिलाओं एवं किशोरियों में शिक्षा की आवश्यकता, पालक शिक्षक बैठक में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने, युनिसेफराज्य सलाहकार श्री चंदन कुमार राय ने रूप नहीं गुण अभियान के तहत बालक बालिका भेदभाव तथा रूढ़िवादिता को कम करने के साथ पढ़ाई का कोना का महत्व, एवं बाल संरक्षण इकाई से श्री शशिकांत झा, के द्वारा प्रतिभागियों को बाल विवाह रोकथाम हेतु विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दिया गया। इसके अलावा केन्द्र प्रशासक श्रीमती संगीता देवांगन, के द्वारा माहवारी स्वच्छता पर जानकारी देते हुए किशोरियों को इस दौरान स्वच्छता की आवश्यकता तथा सावधानियों के विषय में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, युनिसेफ राज्य सलाहकार, बचपन बनाओ जिला समन्वयक, केन्द्र प्रशासक सीख सेन्टर, परामर्शदाता बाल संरक्षण इकाई, युनिसेफ जिला समन्वयक, समस्त युवोदय विकासखण्ड समन्वयक एवं समस्त प्रतिभागी सक्रिय भुमिका रही।

**हसदेव अरण्य का 1,742 हेक्टेयर वनभूमि अडानी को सौंप रही है, 5 लाख से ज्यादा पेड़ों की होगी कटाई**

# 30 लाख की जमीन के लिए 22 लाख की स्टांप ड्यूटी कोई सरफिरी सरकार ही लगा सकती हैः दीपक बैज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 30 नवंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा जमीन गाइडलाइन दर में 10 से 100 प्रतिशत की गयी,बेतहाशा बढ़ोतरी सरकार तानाशाही पूर्ण फैसला है। इस फैसले से न सिर्फ जमीन का कारोबार खत्म होगा। गरीबो, किसानों, मध्यवर्गीय परिवार की जमीन खरीदकर मकान बनाने का सपना टूटा है। किसान खेती जमीन खरीद नही पायेगा, न ही जरूरत पर जमीन बेच पायेगा । इसके कारण उद्योग नहीं लगेंगे, भवन निर्माण कार्य बंद होगा, जिसका असर सीमेंट, स्टील, रेती, गिट्टी, ईटा, सेनेटरी, हार्डवेयर, बिजली समान,फर्नीचर सेक्टर पर भी मंदी आयेगी, भवन निर्माण कार्य में लगे कुशल अकुशल श्रमिक भी बेरोजगारी संकट से जूझेंगे। सरकार को भी राजस्व की हानि होगी। 30 लाख की जमीन के लिए 22 लाख की स्टांप ड्यूटी कोई सरफिरि या तुनकमिजाज सरकार ही लगा सकती है। जमीन की गाइड लाइन की दर बढ़ाने के पीछे सरकार का अपना भ्रष्टाचार का पैसा सफेद करना भी है ।

दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्रियों ने तथा सरकार में बैठे सत्ताधीशों ने पिछ्ले दो सालों की भ्रष्टाचार की काली कमाई के पैसे को जमीनों की खरीदी में लगा दिया तथा काले धन की कमाई की सरकारी वैल्यू बढ़ाने गाइड लाइन की दरों में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दिया, ताकि काली कमाई के कच्चे के पैसे से खरीदी गई जमीन की गाइड लाइन दर बढ़ने के बाद मंहगी कीमत में बिक्री हो और उस पर प्रॉपर्टी गेन टेक्स पटा कर भ्रष्टाचार के पैसे को नम्बर एक करवा लिया जाय। जमीन की गाइड लाइन की दर बढ़ाने के पीछे अपनी काली कमाई को सफेद करने का खेल हुआ है। सत्ता में बैठे किस नेता ने दामा खेड़ा के आगे बेमेतरा जिले 300 एकड़ जमीन लिया है, किसने नवा रायपुर के आगे गांव में 275 एकड़ जमीन खरीदा है, यह प्रदेश का बच्चा-बच्चा जानता है। इस पूरी खरीदी की जांच हो जाय तो जमीनों के गाइड लाइन दर बढ़ने की हकीकत सामने आ जाएगी।

दीपक बैज ने कहा कि सरकार के अडानी परस्त नीतियों से हसदेव अरण्य के घने जंगलों पर संकट उत्पन्न हो गया है। मोदी के मित्र अडानी के मुनाफे के लिए सरगुजा रेंज के केते एक्सटेंशन के खुदाई का गौतम अडानी को देने के लिए इस सरकार ने अनुमति दी है। अब रामगढ़ की पहाड़ियां, प्राचीन नाट्य शाला, सीता गुफा, जानकी रसोई, प्रभु श्रीराम के वन गमन पथ की पुण्य स्मृतियों को अडानी के आर्थिक लाभ के लिए संकट में डाला जा रहा है । क्योंकि यह क्षेत्र जहां पर अनुमति दी जा रही उससे मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर है। छत्तीसगढ़ सरकार ने केते एक्सटेंशन ओपन कास्ट कोल माइनिंग और पिट हेड कोल वॉशरी परियोजना के लिए 1742.60 हेक्टेयर वन भूमि को गैर-वन उपयोग में बदलने की सिफारिश कर दी है। राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद यह प्रस्ताव अब केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के पास भेजा गया है। केंद्र से हरी झंडी मिलते ही 5 लाख से अधिक पेड़ों की कटाई का रास्ता साफहो जाएगा। यह वही इलाका है जिसे सेंट्रल इंडिया का ÷लंग्स ज़ोन÷ कहा जाता है।

हसदेव अरण्य का यह क्षेत्र पांचवी अनुसूची का भाग है, जहां नए खदान स्थापित करने का लगातार विरोध स्थानीय आदिवासियों के द्वारा किया जा रहा है। यह सरकार आदिवासियों के अधिकारों को कुचल रही है। हरैया, फतेहपुर, साल्ही, हर्राई सहित कई गांवों के आदिवासी समुदाय लगातार आंदोलित हैं, अति महत्वपूर्ण जैव विविधता संपन्न क्षेत्र में खनन से जंगल, जल स्रोत और उनकी परंपरागत आजीविका पर गहरा असर होगा। हाथियों और अन्य वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास नष्ट होगा और बड़े पैमाने पर पेड़ कटाई से पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ जाएगा, इस मुद्दे पर महीनों से आंदोलन चल रहा है, कई ग्राम सभाओं ने लेकिन इस सरकार में किसी की सुनवाई नहीं है।पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने हसदेव अर्न क्षेत्र में परसा कोल ब्लॉक सहित पांच कोल ब्लॉकों के आवंटन को निरस्त करने के लिए विधानसभा में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजा था, मोदी सरकार ने निरस्त नहीं किया, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की विष्णु देव सरकार की दुर्भावन से फिर इस जंगल को काटने का खेल हो रहा।

प्रदेश सरकार की मेजबानी में डीजी कांफ्रेंस चल रहा है। प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री सभी इसमें शामिल होंगे। जो छत्तीसगढ़ इसकी मेजबानी कर रहा वहां की छत्तीसगढ़ सरकार 6 महीने स्थाई डीजी की नियुक्ति नहीं कर पाई है। छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था बदहाल हो गई है सरकार खुद मान रही राज्य में पाकिस्तान से ड्रग आ रहा, बंगलादेश पाकिस्तानी घुसपैठिए राज्य में आ गए है। छत्तीसगढ़ अपराध हत्या बलात्कार चाकूबाजी का गढ़ बन गया है राज्य में एसपी-कलेक्टर कार्यालय जला दिए जाते है, हमारी मांग है कि डिजी कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराधों के बारे में भी चर्चा करें।

चुनाव आयोग दावा कर रहा की राज्य में 97 प्रतिशत मतदाताओं तक फार्म पहुंच गया है, उनका एसआईआर पूरा भी हो गया जबकि हकीकत में 25 से 30 प्रतिशत लोगों तक ही फार्म पहुंचा है । इनमें से आधे का भी एसआईआर नहीं हुआ है। बीएलओ के ऊपर खुद बहुत प्रेशर है, एक महीने में एसआईआर पूरा करने का, वो एक जगह बैठ कर खाना पूर्ति कर रहे। महिलाओं से उनके मायके का माता पिता डेटा 2003 का मांगा जा रहा, जबकि उसमें पति के नाम से एसआईआर आसानी से हो सकता है।अंतिम तिथि 4 दिसंबर में 6 दिन ही बचा है, बीएलओ सभी घरों तक नहीं पहुंचे है।

### घोषित नीति के अनुसार धान खरीदी नहीं हो रही

प्रदेश में धान खरीदी चल रही है,छत्तीसगढ़ में किसानो की आय का सबसे बड़ा जरिया धान की खेती है।धान खरीदी को लेकर सरकार की नीयत में खोट दिख रहा है।सरकार घोषित नीति प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से खरीदी नहीं कर रही किसी भी सोसायटी में 16 से लेकर 19 क्विंटल से अधिक की खरीदी नहीं हो रही। धान बेचने के लिए किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा।बहुत से किसानों का आज भी धान बेचने के लिए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पाया है वे भटक रहे। डबल इंजन की सरकार किसानो का पूरा धान 3100 रु. के भाव से नहीं ख़रीदना चाहती इसलिए जानबूझ कर परेशानी पैदा की जा रही। प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, प्रेमशंकर शुक्ला ग्रामीण जिलाध्यक्ष, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, बलराम यादव,कविता साहू, रोजविन दास, हनुमान द्विवेदी,रविशंकर तिवारी,रामशंकर राव,मोईन खान,अपर्णा बाजपेई, राजेंद्र पटवा, अभिषेक नायडू, अनुराग महतो, नीतीश शर्मा आदि मौजूद रहे ।

समर्थन मूल्य पर धान बेच चुके 2,882 किसानों को अब तक 36 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान, ग्रामीण इलाकों में खुशी की लहर

# धान खरीदी के महापर्व में किसानों के खातों में धनवर्षा शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 30 नवम्बर।** रायगढ़ जिले में इस वर्ष धान खरीदी का महापर्व किसानों के लिए खुशहाली और धनवर्षा लेकर आया है। जैसे-जैसे खेतों में धान की कटाई तेजी पकड़ रही है, वैसे-वैसे उपार्जन केंद्रों में धान की आवक भी लगातार बढ़ रही है। समर्थन मूल्य पर धान बेच चुके किसानों के खातों में राशि सीधे हस्तांतरित की जा रही है, जिससे ग्रामीण अंचलों में राहत, प्रसन्नता और आर्थिक मजबूती का वातावरण बना हुआ है। रायगढ़ जिले में समर्थन मूल्य पर धान बेच चुके 2,882 किसानों को अब तक 36 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान हो चुका है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में खुशी की लहर देखी जा रही है।

धान बेचने की प्रक्रिया को सहज बनाने के लिए किसानों को टोकन जारी किए जा रहे हैं, वहीं राज्य शासन द्वारा उपलब्ध टोकन तूहर द्वार ऐप ने किसानों को घर बैठे ही आसानी से टोकन प्राप्त करने की सुविधा प्रदान की है। उपार्जन केंद्रों में बारदाना भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा। पारदर्शी खरीदी प्रक्रिया, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था और उपार्जन केंद्रों की बेहतर सुविधाओं ने किसानों के चेहरों पर संतोष और भरोसे की चमक भर दी है।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में रायगढ़ जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से जारी है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर प्रशासन द्वारा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। कोचियों एवं बिचौलियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है तथा अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव किसानों पर साफ दिखाई दे रहा है।

जिले के किसान श्री रमेश साव ने बताया कि कोचियों और बिचौलियों पर कार्रवाई के कारण किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि अवैध धान भंडारण और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करना प्रशासन का सराहनीय कदम है। इससे हम जैसे वास्तविक किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है और धान बेचने की प्रक्रिया बिल्कुल सहज हो गई है। किसान श्री देव लाल पटेल ने बताया कि उपार्जन केंद्रों में पेयजल, छाया, काटा-बांट, बैठने की व्यवस्था तथा पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध होने से हमें धान बेचने में बिल्कुल परेशानी नहीं आती। पूरी व्यवस्था किसानों के अनुकूल बनाई गई है। किसान जय चौधरी ने बताया कि धान खरीदी के सभी चरणों में टोकन जारी होने से लेकर तुलाई और विक्रयतक की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की कड़ी मॉनिटरिंग से धान खरीदी में पारदर्शिता आई है। भुगतान भी समय पर मिल रहा है। किसान हित में जिला प्रशासन की पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि त्वरित भुगतान से किसानों की वित्तीय स्थिति मजबूत हो रही है।बता दे कि जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी के बाद राशि का तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। किसानों को समर्थन मूल्य की राशि सीधे बैंक खातों में हस्तांतरित हो रही है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्तर पर कोचियों एवं बिचौलियों की गतिविधि बर्दाश्त न की जाए। धान खरीदी प्रक्रिया किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए पारदर्शी और त्वरित हो। भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी न हो। उपार्जन केंद्रों के सभी आवश्यक संसाधन पूरी क्षमता के साथ उपलब्ध रहें। जिले में चल रही धान खरीदी प्रक्रिया, प्रशासनिक सतर्कता, उपार्जन केंद्रों की बेहतर व्यवस्थाएँ और त्वरित भुगतान प्रणाली से किसानों में संतोष और उत्साह का माहौल है।

## एक नजर

### षष्ठम विधानसभा का सप्तम सत्र 14 से 17 दिसंबर तक

**रायगढ़, 30 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के षष्ठम विधान सभा का सप्तम सत्र 14 से 17 दिसम्बर 2025 तक आहूत की गई है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित, अतारांकित विधानसभा प्रश्नों, स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार एवं जानकारी निर्धारित समयावधि में तैयार कराकर शासन को उपलब्ध कराने हेतु संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। श्रीमती बंसल का मोबा.नं.82248-90989 एवं कार्यालय का फैक्स नंबर 07762-222291 है।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी द्वारा जारी आदेश में विधानसभा सत्र के दौरान पत्राचार एवं जानकारी निर्धारित समयावधि में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के समस्त विभागों में पदस्थ्कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय त्यागेंगे। बिना अवकाश स्वीकृति के अवकाश में प्रस्थान करने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी सहित उनके कार्यालय प्रमुख जिम्मेदार रहेंगे।

### गंगाधर जगत उपार्जन केन्द्र प्रभारी बम्हनी निलंबित



**महासमुंद, 30 नवम्बर।** धान खरीदी में लापरवाही बरतने के कारण उपार्जन केंद्र प्रभारी बम्हनी, आरंगी श्री गंगाधर जगत को निलंबित कर दिया गया है। गत 28 नवंबर को तहसीलदार एवं टीम द्वारा निरीक्षण में उपार्जन केन्द्र बम्हनी समिति आरंगी में काफी अव्यवस्था पाए जाने के कारण गया जैसे खरीदी किए बारदानों का स्टैकिंग ना होना और ना ही सिलाई होना, सी.सी.टी.वी. चालु हालत में ना होना, उपार्जन केन्द्र मे आदर्श धान के नमूने ना होना, गेट पास एप में सही तरीके से फोटो नही लिए जाना आदि। उनका यह कृत्य घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को दर्शाती है।अतः प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उनको तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. रायपुर शाखा पिरदा निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

### बांकीमोगरा पुलिस ने कसा कबाड़ गिरोह पर शिकंजा

**कोरबा 30 नवंबर।** जिले के बांकीमोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने अर्ध रात्रि एक बड़ी कार्यवाही करते हुए रेलवे संपत्ति चोरी करने वाले सक्रिय कबाड़ गिरोह का खुलासा किया है।

बताया जा रहा हैं की पुलिस को एक संदिग्ध वाहन के आवाजाही की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर तत्काल घेराबंदी की गई। कार्रवाई के दौरान उक्त संदिग्ध पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस टीम हतप्रभ रह गई। वाहन में रेलवे ट्रैक के कई बड़े-बड़े टुकड़े, गैस कटर, सिलेंडर और कटिंग उपकरण बरामद हुए।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह सुनसान इलाकों में रेलवे लाइन को काटकर कबाड़ी बाजार में मोटी कीमत पर बेचने की फिराक में था। सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि रेलवे ट्रैक तक काट डाले गए और रेलवे विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। यह घटना सुरक्षा व्यवस्था और रेलवे की निगरानी प्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। रेलवे ट्रैक काटने जैसी कार्यवाही न केवल सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाती है, बल्कि यात्रियों की जान के लिए भी बड़ा खतरा बन सकती है। पुलिस ने मौके से मिले आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

शुरुआती जानकारी के आधार पर आशंका जताई जा रही है कि इस अवैध कारोबार में कई और लोग भी शामिल हो सकते हैं। सभी सामग्री जब्त करते हुए रेलवे एक्ट व अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

बांकीमोगरा पुलिस की यह कार्रवाई कबाड़ माफिया के नेटवर्क पर एक बड़ी चोट मानी जा रही है। जांच जारी है और पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस गिरोह के और चेहरे भी सामने आएंगे।

## लगातार अनुपस्थिति पर धान खरीदी केंद्र मुकडेगा के सहायक समिति प्रबंधक किए गए निलंबित

**रायगढ़, 30 नवम्बर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य की पारदर्शिता और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने जिला प्रशासन सतत् निगरानी कर रहा है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

सहकारिता विभाग के प्रभारी उप आयुक्त ने बताया कि निरीक्षण के दौरान धान उपार्जन केंद्र मुकडेगा के सहायक समिति प्रबंधक तेलूराम सिदार लगातार अनुपस्थित पाए गए। सहकारिता विस्तार अधिकारी, विकासखंड लैलूंगा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में भी यह पुष्टि हुई कि निरीक्षण के समय श्री सिदार ड्यूटी पर मौजूद नहीं थे। जिला प्रशासन ने पाया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मुकडेगा (संख्या 177) के सहायक समिति प्रबंधक द्वारा धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही, उदासीनता और जिम्मेदारीहीन व्यवहार प्रदर्शित किया जा रहा था, जिससे उपार्जन प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से सहायक समिति प्रबंधक तेलूराम सिदार को निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक धान खरीदी कार्य में संलग्न सभी कर्मचारियों पर छत्तीसगढ़ आवश्यक सेवा संधारण एवं विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 लागू किया गया है। इसके तहत किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीर अनुशासनहीनता माना जाता है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने स्पष्ट कहा है कि धान खरीदी जैसे व्यापक जनहित के कार्य में किसी भी कर्मचारी की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। सभी केंद्रों की मॉनिटरिंग नियमित एवं कड़ाई से जारी रहेगी, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और खरीदी प्रक्रिया निर्बाध रूप से संचालित हो सके।

## बालको दिल्ली पब्लिक स्कूल का 10 वाँ वार्षिक समारोह धूमधाम से आयोजित

**कोरबा , 30 नवंबर ।** बालको दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) ने अपना 10वाँ वार्षिक समारोह अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया, जिसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत और शैक्षणिक उपलब्धियों का मनमोहक संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने आधुनिक तकनीकी युग में सांस्कृतिक धरोहरों और परंपराओं के संरक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया।

इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्र'वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रदर्शन भारत की विविधता का सुंदर प्रतिबिंब थे। छेरछेरा, हरेली, पोंगल, बिहू और बैसाखी जैसे विभिन्न फसल त्योहारों पर आधारित आकर्षक नृत्य और प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। पुराणों से प्रेरित नाटक 'भक्त प्रह्लाद' दर्शकों की विशेष पसंद रही। वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए डीपीएस बालको के प्राचार्य श्री कैलाश पवार ने कहा कि हमनें इस वर्ष शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और सहगामी गतिविधियों में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल की हैं। हमारी एनसीसी यूनिट का पूर्ण रूप से सक्रिय होना विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रभावना को मजबूत कर रहा है। बच्चों ने जिला, रा'य और राष्ट्रीय स्तर पर जो उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, उसने विद्यालय, अभिभावकों और बालको सभी का सम्मान बढ़ाया है।

## कलेक्टर ने किया धान उपार्जन केंद्र बिरकोनी, आछोला, तुमगांव, भोरिंग एवं जोबा का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 30 नवंबर।** राज्य शासन के मंशानुरूप जिले में धान खरीदी कार्य की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज बिरकोनी, आछोला, तुमगांव, भोरिंग और जोबा उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, बारदाना उपलब्धता, गुणवत्ता परीक्षण, किसानों की सुविधा तथा सुरक्षा प्रबंधन का बारीकी से जायज़ा लिया।

कलेक्टर श्री लंगेह ने उपार्जन केंद्रों में मौजूद किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएँ सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी किसान को अनावश्यक देरी या परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान उन्होंने तौल कांटे एवं स्टैक यार्ड की व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा बारदाना की पर्याप्त उपलब्धता की पुष्टि की। नमी मापने की मशीन की कार्यप्रणाली की जाँच की।कलेक्टर ने ऑनलाइन पंजीयन सूची एवं टोकन व्यवस्था की समीक्षा की तथा खरीदी डेटा को समय पर पोर्टल में अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था की भी जाँच की ट्रक लोडिंग और परिवहन व्यवस्था को तेज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बारिश/सीलन की स्थिति में धान को सुरक्षित रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था रखने कहा। किसानों के लिए पीने के पानी व बैठने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।कलेक्टर लंगेह ने कहा कि धान खरीदी सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से संचालित हो। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, संबंधित तहसीलदार, खाद्य विभाग के अधिकारी, मार्कफेड प्रबंधक एवं उपार्जन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## जीवन प्रमाण पत्र की आड़ में साईबर अपराध से बचें:शाखा प्रबंधक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा - नेवरा,30 नवंबर।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के समस्त पेंशनरों की नियमित मासिक बैठक कर्मचारी भवन तिल्दा में सम्पन्न हुई जिसमें भारतीय स्टेट बैंक शाखा नेवरा के शाखा प्रबंधक श्री आशीष श्रीवास्तव ने सभी पेंशनर साथियों से आह्वान किया कि डीएलसी की आड़ में साईबर अपराध से बचें।कोई व्यक्ति यदि आपको फोन करके ओटीपी मांगता है तो उसे न बतावें।बैंक शाखा में जाकर अपना जीवन प्रमाण पत्र पूरा करें।श्री श्री वास्तव जी ने स्वास्थ्य बीमा युवर हेल्थ, युवर कव्हर फार युवर गोल्डन ईयर्स के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की कि 56 से 80 आयु समूह के साथी अपना स्वास्थ्य बीमा एसबीआई से करा सकते हैं।यह जानकारी देते हुए संघ के महासचिव अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का 24 वां प्रांतीय महासम्मेलन 17 दिसम्बर 2025 बुधवार को जिला शाखा बलौदाबाजार-भाटापारा के आडिटोरियम में आयोजित किया गया है जिसका आमंत्रण देने के लिए वहाँ के जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव स्वयं कर्मचारी भवन तिल्दा आए थे।श्री जाधव जी ने सभी साथियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि उक्त कार्यक्रम में 80 वर्ष से ऊपर के पेंशनर साथियों का विशेष सम्मान किया जाएगा।उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केबीनेट मंत्री श्री टंकराम जी वर्मा होंगे जिसकी अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष डाक्टर डी. पी. मनहर करेंगे।छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के अध्यक्ष श्री रामावतार पांडेय ने नवंबर माह में जन्मदिन पड़ने वाले साथी श्री यशवन्त वर्मा,श्री हिन्छाराम निरमलकर और श्री एस. पी. निषाद जी का गुलाल, श्रीफल और मुंह मीठा कराके सम्मान किया। इस अवसर पर श्री यशवंत वर्मा जी के सुपुत्र रोहित कुमार वर्मा के छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में आबकारी उप निरीक्षक के पद पर चयन होने पर सभी साथियों ने मुक्त कंठ से बधाई प्रेषित किये।सिमगा हथबंद से पधारे पेंशनधारी कल्याण संघ के महासचिव श्री मुबारक हुसैन जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर माह इस तरह के आयोजन होने से संगठन की शक्ति मजबूत होती है।अध्यक्ष के आह्वान पर भवन में कुर्सी की व्यवस्था के लिए श्रीमती नंदनी खिचरिया,लक्ष्मी साहू,ने एक - एक हजार श्री रामकुमार वर्मा ने 2हजार,संघ के कोषाध्यक्ष श्री लेवन प्रसाद वर्मा ने एक हजार, श्री यशवंत वर्मा, मालिकराम वर्मा, हेतलाल देवांगन ने एक - एक हजार और श्री हेमंत कुमार नायक और श्री द्रोण कुमार वर्मा ने सहर्ष पांच-पांच सौ रुपये का दान दिया।

## समाचार संक्षेप

### जिले में अब तक 87 प्रकरणों में 8403 क्विंटल से अधिक धान जब्त



**महासमुंद,30 नवंबर (तछसं)।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। इसके साथ ही अवैध धान परिवहन, संग्रहण और विक्रय पर रोक लगाने जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री विनय लंगेह के निर्देश पर राजस्व, मंडी, खाद्य एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें जांच चौकियों, राइस मिलों और उपार्जन केंद्रों में लगातार छापेमारी कर रही हैं। राइस मिलों में भी स्टॉक वेरिफिकेशन का कार्य निरंतर रूप से जारी है।जिले में अब तक कुल 87 प्रकरणों में 8403 क्विंटल से अधिक धान की जब्ती की गई है। इसी क्रम में आज खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने जिले की दो राइस मिलों में बड़ी कार्रवाई की। स्टॉक वेरिफिकेशन के दौरान दोनों मिलों में धान का स्टॉक घोषित मात्रा से अधिक पाया गया, जिसे मौके पर ही जप्त कर लिया गया।फूड ऑफिसर श्री अजय यादव ने बताया कि सरायपाली स्थित साईं बाबा राइस मिल से 400 कट्टा धान और बसना स्थित राधा केशव राइस मिल से 350 कट्टा धान स्टॉक से अधिक पाए जाने पर जप्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले की सभी राइस मिलों में भौतिक सत्यापन का कार्य लगातार जारी रहेगा। स्टॉक में किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संस्थानों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने कहा है कि धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सतत निगरानी जारी रहेगी।

### अनुपस्थित वनरक्षक को कारण बताओ नोटिस



**महासमुंद,30 नवंबर (तछसं)।** वनमण्डलाधिकारी श्री मयंक पांडेय द्वारा वनरक्षक श्री शनि ठाकुर परिसर रक्षी, भलेसर बागबाहरा को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि धान खरीदी वर्ष 2025-26 के सुचारू रूप से संपादन हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला महासमुन्द के आदेश के द्वारा आपकी ड्यूटी चेक पोस्ट खट्टी में लगाई गई है। किन्तु आज दिनांक तक कर्तव्य स्थल में उपस्थित नहीं हुए हैं। आपका यह कृत्य वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना एवं शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही को दर्शाता है। आपके द्वारा बरती गई कदाचरण हेतु आपके विरूद्ध छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 (एस्मा)के तहत आवश्यक कार्यवाही किये बाबत् संदर्भित पत्र प्राप्त हुए हैं।अतः आप आज दिनांक तक चेक पोस्ट खट्टी में उपस्थित नही होने के संबंध में औचित्यपूर्ण कारणों का उल्लेख करते हुए स्पष्टीकरण 03 दिवस के भीतर उचित माध्यम से प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। स्पष्टीकरण असंतोषजनक अथवा नियत समय सीमा के भीतर प्राप्त नही होने की स्थिति में आपके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। जिसके लिए आप व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। साथ ही निर्देशित किया जाता है कि पत्र प्राप्ति के तत्काल चेक पोस्ट खट्टी में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।उल्लेखनीय है कि गत दिवस कलेक्टर श्री विनय लंगेह द्वारा खट्टी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया था। जिसमें शनि ठाकुर बिना वैध कारण के अनुपस्थित पाए गए थे।

### कोरबा जिले में ब्लू निब प्रोजेक्ट का औपचारिक शुभारंभ

**कोरबा, 30 नवंबर ।** ब्लू निब पिरामल फाउंडेशन की ओर से सीनियर प्रोग्राम डायरेक्टर संजय जी ने आज कोरबा जिले में ब्लू निब प्रोजेक्ट का औपचारिक शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिले के प्रमुख पत्रकार राजेश कुमार मिश्रा, दिबन्दु, कुश कुमार, प्रतिमा सरकार, संगम दुबे, गणेश राम सूर्यवंशी, भोला केवट और नरेंद्र राठौर उपस्थित रहे। साथ ही, पिरामल फाउंडेशन की टीम से मंशु शुक्ला, ऋचा साहू, नीलू पटेल और पल्लवी पंकज ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अवसर पर संजय जी ने समाधान आधारित पत्रकारिता की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रोजेक्ट की दृष्टि, कार्यप्रक्रिया और मीडिया सहभागिता योजना साझा की। उन्होंने कहानी निर्माण की पिरामिड संरचना कृ चुनौती, नायक और समाधान कृ का उल्लेख करते हुए कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य केवल समस्याएँ उजागर करना नहीं, बल्कि समाधान की ओर मार्गदर्शन करना भी है।मीडिया प्रतिनिधियों ने संयुक्त फील्ड विजिट और सकारात्मक, समाधान केंद्रित कहानियों के निर्माण में सहयोग देने की इच्छा जताई। संजय जी ने कहा कि कोरबा में ब्लू निब प्रोजेक्ट का शुभारंभ होना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने जिला टीम और पिरामल फाउंडेशन के समन्वित प्रयासों की सराहना की। ब्लू निब प्रोजेक्ट कोरबा में समाधान आधारित पत्रकारिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभर रहा है।

### जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर के नए अध्यक्ष बने मुकेश राठौर, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**कोरबा , 30 नवंबर ।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर के अध्यक्ष पद पर मुकेश राठौर की नियुक्ति के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनके चयन का स्वागत करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुकेश राठौर को यह जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद कांग्रेसजनों में नए उत्साह का संचार हुआ है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा जनसंपर्क और जनहित के कार्यों में नई गति आएगी। स्थानीय नेताओं ने भी उनके अनुभव, संगठन क्षमता और सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए बताया कि राठौर के आने से शहर कांग्रेस को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। पार्टी पदाधिकारियों और समर्थकों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

## धान के अवैध परिवहन रोकने छत्तीसगढ़ और ओडिशा को जोड़ने वाले अंदरूनी सात जंगल के रास्ते कर दिए बंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 30 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में धान के अवैध परिवहन पर नकेल कसते हुए प्रशासन ने बीती रात एक निर्णायक और अभूतपूर्व कार्रवाई की। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर घरघोड़ा एसडीएम के नेतृत्व में संयुक्त प्रशासनिक टीम ने उन सात अंदरूनी जंगल रास्तों को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया, जिनका उपयोग ओडिशा से छत्तीसगढ़ में धान की अवैध आवक के लिए बनाए गए थे। ये रास्ते घने जंगलों के बीच से निकलते थे और कोचियों द्वारा लाल चंदन की तस्करी की तर्ज पर गुप्त रूप से तैयार किए गए थे, जहाँ से भारी मात्रा में धान लाकर विभिन्न स्थानों में खपाने की तैयारी थी।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर प्रशासन की टीम देर रात मौके पर पहुंची। घरघोड़ा एसडीएम श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने जमीनी निरीक्षण कर तत्काल जेसीबी मंगवाई और सातों रास्तों की गहरी खुदाई कर उन्हें पूरी तरह बंद करा दिया, ताकि दोबारा इन मार्गों से किसी भी तरह का अवैध परिवहन न हो सके। कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद चार अंतरराज्यीय कोचियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ये लोग न केवल अवैध परिवहन में शामिल पाए गए, बल्कि पूछताछ के दौरान अधिकारियों से विवाद और शासकीय कार्य में बाधा भी उत्पन्न कर रहे थे। इस आधार पर उनके विरुद्ध भा.द.वि. की धारा 126, 135(3) और 170 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। धान परिवहन के इस नेटवर्क का खुलासा तब हुआ जब 28 नवंबर को तहसील तमनार के ग्राम बिजना में ओडिशा से धान आने की सूचना प्राप्त हुई।कलेक्टर के निर्देश के बाद एसडीएम घरघोड़ा, तहसीलदार तमनार, थाना प्रभारी तमनार तथा कृषि विभाग की टीम ने सीमा क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह बात भी सामने आई कि ओडिशा से तमनार क्षेत्र तक धान की बड़े पैमाने पर अवैध आवाजाही के लिए सात गुप्त रास्तों का उपयोग लगातार किया जा रहा था। इन रास्तों से पहले कब-कब, कितनी मात्रा में धान लाया गया और कहां-कहां इसकी खपत की योजना थी, इन सबके संबंध में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। प्रशासन को उम्मीद है कि पूछताछ से इस अवैध गिरोह की और परतें खुलेंगी तथा कुछ और महत्वपूर्ण सुराग हाथ आएंगे।रायगढ़ जिले में धान के अवैध परिवहन, भंडारण और कोचियों-बिचौलियों की गतिविधियों पर प्रशासन कड़ी निगरानी रख रहा है। राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा अब तक 7 हजार 579 क्विंटल अवैध धान जब्त किया जा चुका है, जबकि ऐसे मामलों में कुल 48 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिले में सक्रिय कोचियों और बिचौलियों का चिन्हांकन कर उनके विरुद्ध दफा 107(6) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है। रायगढ़, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, धरमजयगढ़, छाल, कापू, लैलूंगा और मुकडेगा इन सभी तहसीलों में मिलाकर कुल 70 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई है।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कहा है कि धान के अवैध परिवहन, भंडारण और गुप्त मार्गों पर लगातार सतर्कता और सघन मॉनिटरिंग आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीमा क्षेत्रों, गांवों एवं जंगलों में नियमित गश्त बढ़ाई जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल जांच कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिले में धान खरीदी व्यवस्था के बीच अवैध व्यापार की किसी भी संभावना को समाप्त करने के लिए प्रशासन की यह कार्रवाई एक बड़े संदेश की तरह सामने आई है।

# दर्द देंगे, वे सिसकियां देंगे, हम हैं कागज, वो कैंचियां देंगे... जुगनूओं ने शराब पी ली है, अब ये सूरज को गालियां देंगे...



अभी देश के नागरिक अपनी असली समस्याएँ भूलकर एसआईआर में उलझे हुए हैं। छात्र, अपने शिक्षकों को ढूँढ़ रहे हैं, तो शिक्षक उनके माँ बाप को जनता बीएलओ को ढूँढ रही है, पुराने वोटर-लिस्ट के पन्ने पलट अपने ही नाम का पता लगा रही है।नागरिक, देश में नागरिकता साबित करने की लाइन में खड़े हैं, चुनाव आयोग, चुनाव कराने से ज़्यादा अब नागरिकता जाँच का विभाग बन गया है।'अच्छे दिन'आए हैं, ऐसा करने का साहस पहले किसी भी सरकार ने नहीं दिखाया था, जनता को उलझा देना हमेशा आसान होता है, सशक्त बनाना नहीं! छ्ग सहित 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया जारी है।एसआईआर से जुड़े कई सवाल लोगों के मन में हैं।कई लोग चिंता भी कर रहे हैं उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं मिला तो क्या देश से बाहर ही निकाल दिया जाएगा...आपको बता दें -एसआई आर का किसी नागरिक की नागरिकता से कोई संबंध नहीं है।इसका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ मतदाता सूचीको अपडेट करना तथा मौजूद गलतियों को सुधारना ही है। गलत सूचनाओं- अफ्वाहों के कारण लोग भ्रमित हो रहे हैं।

### युद्ध विराम की अपील नक्सलियों ने की...

खूंखार नक्सली हिडमा के मारे जाने के बाद छग में नक्सलियों की कमर टूटगई है।सुरक्षाबलों का ऑपरेशन लगातार जारी है। नक्सली सहम गए हैं। ऑपरेशन रोकने के लिए गुहार लगाई है। नक्सलियों ने तीन राज्यों के सीएम से अपील की है, 15 फ़रवरी 26 तक ऑपरेशन रोक दें। इस दौरान नक्सली भी कुछ नहीं करेंगे। युद्ध विराम के दौरान कोई गोलीबारी नहीं हो, असल में हिडमा के मारे जाने के बाद नक्सली संगठन दहशत में हैं। अब माओवादी संगठन ने एक पत्र जारी किया है। साथ ही 15 फ़रवरी 2026 तक युद्धविराम की अपील की है। मप्र, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ स्पेशल जोनल कमेटी ने बयान जारी कर कहा है कि तीनों राज्यों की सरकारें 15 फ़रवरी 2026 तक युद्धविराम करें। प्रेस नोट में नक्सलियों ने कहा कि हाल में सीसीएम सदस्य युद्धैया सहित कई नेताओं के निधन के बाद संगठन आंतरिक पुनर्गठन की प्रक्रिया से गुजर रहा है।

सरकारों से अनुरोध है कि 15 फ़रवरी 2026 तक सभी सैन्य/कम्बिंग ऑपरेशन रोकें जाएं। संगठन का कहना है कि यदि सरकारें गोलीबारी रोकती हैं तो वे भी इस अवधि में पीएलजीए गतिविधियाँ बंद रखेंगे। संगठन ने यह भी लिखा कि सरकार युद्धविराम मानती है तो आगे बातचीत के लिए भी तैयार हैं।

### दिल्ली में नक्सली हिड़मा के पक्ष में नारेबाजी...

देश की राजधानी दिल्ली में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब नक्सलियों के समर्थन में नारेबाजी हुई, इंडिया गेट में नक्सली लीडर माड़वी हिड़मा और नक्सलियों के समर्थन में नारे लगे, यहाँ वायु प्रदूषण के खिलाफप्रदर्शन में हिड़मा अमर रहे के नारे लगाए।नारेबाजी पर विवाद गहराता जा रहा है, इस मामले में अब तक 23 लोग गिरफ्तार किए गए हैं जबकि 12 से






ज्यादा छात्रों के खिलाफ केस दर्ज किया है।दिल्ली में युवाओं का समूह इंडिया गेट पर बढ़ते प्रदूषण, जहरीली हवा को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।इसी बीच प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आंध्र के मुठभेड़ में मारे गए नक्सली हिड़मा, नक्सलियों के समर्थन में नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने 'माडवी हिडमा अमर रहें' नारे भी लगाए। इतना ही नहीं कुछ हाथ में नक्सली लीडर का एक पोस्टर पकड़े हुए नजर आये।लिखा था'बिरसामुंडा से लेकर माडवी हिडमातक हमारे जंगलोंऔर पर्यावरण का संघर्ष जारी रहेगा'माओ वादी नारे लगाने के साथ प्रदर्शनकारियों ने हिड़मा, माओवादियों की नीति को सही बताया नक्सलियों के समर्थन में लगाए, वीडियो में देखा गया, नक्सली हिड़मा, माओवादियों के समर्थन में नारे लगा रहे हैं साथ ही हिड़मा का पोस्टर पकडे हुए हैं। इसे लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है, पुलिस ने मामले में माओ वादी नारे लगाने वाले 12 से ज्यादा छात्रों के खिलाफधाराएं 74, 79, 105 (2), 132, 221, 223 और 6 (2) के तहत कार्रवाई की गई है, 23 लोग गिरफ्तार किए गए हैं।इसके अलावा अन्य नारे लगाने वालों की पहचान की जा रही है।

### 36 वरिष्ठ एएसपी को प्रवर श्रेणी वेतनमान...



राज्य पुलिस सेवा के 36 सीनियर एएसपी को प्रवर श्रेणी वेतनमान देने का निर्णय लिया गया है। अब सभीएसपी, कमांडेंट या इसी स्तर पर पदस्थ हो सकेंगे।साय सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से जिनको इसका लाभ मिलेगा उनमें यू बी एस चौहान, पंकज शुक्ला, रोहित झा, तारकेश्वर पटेल, अंशुमान सिसोदिया, श्रीमतीअर्चना झा, दीपमाला कश्यप, वर्षा मिश्रा, उमेश कश्यप, लखन पाटले, अभिषेक वर्मा, जेपीबढ़ई, अमृता सोरी, दौलतराम पोर्ते, मिर्जा जियारत बेग आदि के नाम शामिल हैं।

### सौम्या के 'कालेधन' पर अब डकैतों की नजर...



पूर्व सीएम की उपसचिव रहीं सौम्या चौरसिया की मुंहबोली पुत्री के पिता के घर 20 डकैतों के गिरोह ने धावा बोलकर परिवार के 11 लोगों को रस्सी से बांध, सौम्या के कालाधन को घर में गड़ा कर रखने की बात कहते हुए सब्बल से पूरे घर के फर्श को ही खोद डाला। तराईडांड गांव के किसान शत्रुध्न महंत की कोरबा में रहने वाले सौम्या चौरसिया के परिवार से निकटता थी। बेटी बबीता, सौम्या के घर रह कर पली बढ़ी। सौम्या ज़बअधिकारी बनीं, बबीता को साथ ले गईं, लालन-पालन भी किया। भिलाई में बबीता को एमबीए कराया। 3 साल पहले विवाह हुआ और वर्तमान में वह अपने पति एवं बच्चे के साथ कुस मुंडा के एक गांव में रहती है।

### और अब बस...

- छग में पहली बार डीजी आईजी कॉन्फ्रेंस हो रही है।
- 1जनवरी को बड़ी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण करने की चर्चा...
- छग में आवारा कुत्तों के प्रबंधन, जानकारी स्थानीय निकाय को देने शिक्षकों की ड्यूटीलगाई गई है, संचालक लोक शिक्षण ने इस आदेश जारी किया है।
- छग सरकार ने जमीन रजिस्ट्री की नई गाइडलाइन जारी कर दी है, शहरी क्षेत्रों में 20-40त ग्रामीण क्षेत्रों में 50-400ततक की वृद्धि दर्ज की गई है।
- अमानका चौपाटी हटाने के पीछे क्या एक पूर्व मंत्री का ईगो था... चर्चा तेज है।

## एक नजर

### पद्मशाली समाज निकालेगा शोभायात्रा



**रायपुर, 30 नवम्बर।** पद्मशाली समाज द्वारा 3 दिसंबर को कलश एवं विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। रथ पर मां दुर्गा माता की प्रतिमा, मार्कंडेय ऋषि, भोले बाबा और गणेश भगवान की प्रतिमाएं विराजित रहेंगी। शोभा यात्रा भाठागांव ब्रिज दुर्गा मंदिर से रथ, घोड़े, ऊंट, धुमाल पार्टी एवं बाजा गाजा के साथ पद्मशाली समाज भवन परिसर मंदिर में पहुंचेगी। 4 दिसंबर को जल, फल, अन्न, फूल दिवस पर भगवान का दूध से अभिषेक किया जाएगा। 5 दिसंबर को भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। हवन महा आरती के बाद को विशाल भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। भगवान के भगत पूरे छत्तीसगढ़, विदर्भ, महाराष्ट्र से भी पहुंच रहे हैं। यह जानकारी पद्मशाली समाज के अध्यक्ष गोपाल परसावार ने दी है।

### कवि संजीव ठाकुर प्रांत अध्यक्ष मनोनीत

**रायपुर 30 नवम्बर।** कवि एवं लेखक संजीव ठाकुर को राष्ट्रीय तुलसी साहित्य अकादमी द्वारा राष्ट्रीय सलाहकार एवं प्रांताध्यक्ष पद पर मनोनीत किए जाने की औपचारिक घोषणा अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. मोहन तिवारी 'आनंद' द्वारा 29 नवंबर को अधिसूचित की गई। इस महत्वपूर्ण मनोनयन के पश्चात ठाकुर को प्रदेश में अकादमी की कार्यकारिणी का गठन, साहित्यकारों के चयन, सम्मान एवं पुरस्करण तथा साहित्यिक गतिविधियों के विस्तार हेतु भी निर्देशित किया गया हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय तुलसी साहित्य अकादमी वर्ष 2004 से निरंतर देश में साहित्यिक चेतना के संवर्धन, संरक्षण एवं प्रसार के लिए सक्रिय रूप से समर्पित है।





**रायपुर, 30 नवम्बर।** गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी शताब्दी पर गुरुद्वारा श्याम नगर, तेलीबांधा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

## गंदगी देख भड़के निगम सभापति

**रायपुर, 30 नवम्बर।** नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने गुरुवार को सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान परिसर में भारी गंदगी, कचरे के ढेर और साफ-सफाई की पूरी तरह से कमी देखकर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई. सभापति राठौड़ ने मौके पर ही जोन-4 के कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह को बुलाकर स्टेडियम का निरीक्षण कराया और उन्हें तुरंत नगर निगम की टीम भेजकर सफाई अभियान शुरू करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि स्टेडियम में प्राथमिकता के आधार पर स्वच्छता बहाल की जाए।



### ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

राठौड़ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि स्टेडियम की सफाई का जिम्मा संभाल रहे ठेकेदार द्वारा यदि तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो उसका ठेका रद्द कर उसे नगर निगम की ब्लैकलिस्ट में डाल दिया जाएगा. निरीक्षण के दौरान सभापति ने स्टेडियम की सीवरेज लाइन के कई चैंबर्स को खुले और ढक्कन टूटा हुआ पाया. इसे गंभीर सुरक्षा संकट मानते हुए उन्होंने कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिया कि सभी टूटे ढक्कनों को तत्काल बदलवाया जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे. राठौड़ ने स्पष्ट कहा कि इंडोर स्टेडियम जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधा में गंदगी और अव्यवस्था किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और नगर निगम सख्त रवैया अपनाएगा.

## गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण की प्रदेशव्यापी मांग



**रायपुर, 30 नवम्बर।** व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रदेश में हाल ही में लागू की गई नई गाइडलाइन दरों एवं अचल संपत्तियों के पंजीयन शुल्क में वृद्धि के बाद व्यापारिक समुदाय, रियल एस्टेट सेक्टर और आम नागरिकों के बीच व्यापक असंतोष और चिंता देखने को मिल रही है। इसी क्रम में आज व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक (पंजीयन विभाग) पुष्पेंद्र कुमार मीना को विस्तृत ज्ञापन एवं सुझाव सौंपे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि नई दरें कई स्थानों पर वास्तविक बाजार स्थिति से मेल नहीं खातीं, जिसके कारण संपत्ति बाजार में मंदी की स्थिति बन रही है। बढ़े हुए शुल्क व अव्यावहारिक दरें खरीदारों और विक्रेताओं दोनों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल रही हैं, साथ ही रजिस्ट्री की संख्या घटने से सरकारी राजस्व पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है।

## दादाबाड़ी में सैकड़ों बच्चों ने सीखा नवांगी पूजन और चैत्यवन्दन

**रायपुर, 30 नवम्बर।** आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में प्रति रविवार को बच्चों के मन मस्तिष्क में सुसंस्कार के बीजारोपण करने सकारात्मक पहल करते हुए बच्चों को प्रभु नवांगी पूजन, देववंदन विधि सिखाई जाती है। अनुमोदना स्वरूप बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि प्रातः से ही बच्चे पूजन के वस्त्र जैन संस्कृति के परिचायक धोती दुप्पटा पहन कर आते हैं, तथा अपने मधुर कंठ से प्रभु भक्ति के श्लोक, नवांगी पूजन के दोहे व दर्शनम देव देवस्य, दर्शनम पाप नाशनम, दर्शनम स्वर्ग सोपानाम, दर्शनम मोक्ष साधनम के पवित्र आत्म कल्याणकारी श्लोकों के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने सीमंधर स्वामी जिन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में पाठ किया तो मंदिर में अलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया। यही नहीं इस प्रयास से बच्चो के माता पिता भी प्रातः से ही पूजन में आने लगे हैं।



## गृहमंत्री शर्मा का बयान आपत्तिजनक चुनाव आयोग संज्ञान ले : दीपक बैज

**रायपुर, 30 नवंबर।** एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान ही प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के द्वारा जारी किया गया बयान बेहद ही आपत्तिजनक है प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि चुनाव आयोग इस संबध में गृहमंत्री विजय शर्मा से स्पष्टीकरण मांगे कि उन्होंने किस हैसियत से यह बयान दिया है एसआईआर आयोग का काम है या राज्य सरकार का, राज्य के मंत्री कैसे बिना एसआईआर पूरा हुये किसी नागरिक की नागरिकता पर सवाल खड़ा कर रहे है दो साल से गृहमंत्री है देश में मोदी की 14 साल से सरकार है उसके बाद घुसपैठिये का हव्वा क्यो बनाया जा रहा है। गृहमंत्री प्रदेश के एसी, एसटी नागरिकों को अप्रत्यक्ष धमका रहे है उनकी नागरिकता पर सवाल खड़ा कर रहे,



आयोग कहता है एसआईआर नागरिकता की जांच नही है, गृहमंत्री उसी आधार पर लोगों को धमका रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि हड़बड़ी में बीएलओ पर अनुचित दबाव बना कर त्रुटिपूर्ण एंट्री करवाने के बजाय उन्हें विस्तृत पुनरीक्षण कार्य के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए, गणना पत्रक फॉर्म भरने के लिए कम से कम एक माह का समय बढ़ाया जाय। टेबल टॉप मिलान से लेकर गणना पत्रक फॉर्म बांटने और डिजिटल एंट्री को लेकर निर्वाचन आयोग के दावे विश्वसनीय नहीं है।

## 86 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा

**रायपुर, 30 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ में 1 जनवरी 2026 को लागू होने वाली मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 4 नवंबर 2025 से पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ जारी है। प्रदेशभर में बीएलओ घर-घर जाकर पंजीकृत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का संग्रहण कर रहे हैं और उनका डिजिटाइजेशन तेजी से प्रगति पर है। 29 नवंबर तक प्रदेश में लगभग 1 करोड़ 82 लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जो कुल 2 करोड़ 12 लाख 30 हजार 737 पंजीकृत मतदाताओं का लगभग 86 प्रतिशत है। मुद्रण एवं प्रशिक्षण कार्य – 28 अक्टूबर 2025 से 3 नवंबर 2025 तक, घर घर गणना चरण अवधि (घर-घर जाकर सत्यापन) कार्य- 4 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक, मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन-9 दिसंबर 2025, दावे और आपत्तियों की अवधि – 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक, नोटिस चरण (सुनवाई और सत्यापन)-9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन-7 फरवरी 2026।




## अंबेडकर अस्पताल में अब जूनियर डॉक्टर मरीज के लिए सीधे सीटी स्कैन की नहीं बनाएंगे पर्ची

**रायपुर, 30 नवम्बर।** डॉ. बी. आर. अम्बेडकर अस्पताल में मरीजों की सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई के लिए अब जूनियर डॉक्टर सीधे पर्ची नहीं बनाएंगे. यूनिट इंचार्ज कंसल्टेंट के हस्ताक्षर के बाद ही मरीज की सोनोग्राफी और सीटी स्कैन जांच होगी. वहीं अब मरीजों को सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा. मरीज की जांच उसी दिन होगी.

प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल अम्बेडकर अस्पताल में जांच सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में काम चल रहा है. व्यवस्था में सुधार की दिशा में पहला कदम रेडियोलॉजी विभाग में उठाया गया है. अस्पताल में आने वाले मरीजों को सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई के लिए 15 से 20 दिन इंतजार करना




पड़ता था लेकिन अब इंतजार खत्म हो रहा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग में अब ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि मरीज की सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई जांच उसी दिन होगी. इससे मरीजों को जांच के लिए परेशान नहीं होना होगा. जानकारी के मुताबिक पिछले सप्ताहभर से सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई की वेटिंग काफी कम हो गई है. सोनोग्राफी भी उसी दिन होने लगी है. शुक्रवार को 256 सोनोग्राफी हुई, जो कुछ दिनों पहले तक 130-135 होती थी. वर्तमान में सीटी स्कैन, एमआरआई जांच के लिए 15 दिसंबर तक की वेटिंग दी गई है.

अस्पताल प्रबंधन की मानें तो 16 दिसंबर से रेडियोलॉजी विभाग में किसी तरह की वेटिंग नहीं होगी. इसके अलावा मशीनों के लिए आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्थाएं भी तत्काल की जा रही है ताकि मरीजों को परेशान नहीं होना पड़े. दूसरी ओर, मरीजों की स्थिति के अनुसार ही सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई जांच की जाएगी.

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26